'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'

# समाचार गेट

वर्ष 01, अंक 13 पृष्ठ 08 मूल्य 03 रूपए शुक्रवार, 29 मार्च 2024 TITLE CODE : HARHIN11569

## माफिया मुख्तार अंसारी को बांदा जेल में दिल का दौरा, अस्पताल में मौत



**समाचार गेट/एजेंसी**

**बांदा।** माफिया मुख्तार अंसारी की गुरुवार शाम को बांदा जेल में तबीयत बिगड़ गई। उसको मेडिकल कॉलेज लाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। इससे पहले सोमवार रात को मुख्तार अंसारी की तबीयत बिगड़ने पर बांदा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। मंगलवार शाम मुख्तार अंसारी को फिर से बांदा जेल में शिफ्ट कर दिया गया था।

उत्तर प्रदेश के बांदा जेल में बंद पूर्वांचल के माफिया मुख्तार अंसारी की सोमवार की रात तबीयत बिगड़ जाने पर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। मंगलवार शाम को पुनः उसे जेल में शिफ्ट कर दिया गया था। बुधवार को जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने एक बार फिर भी जांच कर उसकी हालत में सुधार का दावा किया था, लेकिन गुरुवार को देर शाम एक बार फिर उसकी हालत बिगड़ गई। मुख्तार अंसारी बैरक में ही बेहोश होकर गिर गया, जिसे फौरन मेडिकल कॉलेज ले गया ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान मुख्तार अंसारी की मौत हो गई। मुख्तार अंसारी की मौत की खबर आने के बाद बांदा से लेकर प्रदेश की राजधानी लखनऊ तक हड़कंप मच गया। मऊ, गाजीपुर और वाराणसी समेत यूपी के कई जिलों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मुख्तार अंसारी का परिवार बांदा के लिए रवाना हो गया है। मुख्तार के वकील लियाकत ने दावा किया है कि मुख्तार की मौत नहीं उन्हें मारा गया है।

मेडिकल बुलेटिन में बताया गया कि गुरुवार शाम करीब 8:25 बजे मुख्तार अंसारी को उल्टी की शिकायत एवं बेहोशी की हालत में जेल कार्मिको द्वारा रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में लाया गया। मरीज को 9 डॉक्टरों की टीम द्वारा तत्काल चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराई गई, लेकिन मुख्तार अंसारी को बचाया नहीं जा सका। मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक से मौत होने की बाद मेडिकल बुलेटिन में कही गई है।

## ओमप्रकाश धनखड़ को सौंपा दिल्ली प्रदेश चुनाव प्रभारी का दायित्व

### दिल्ली की सभी सात सीटों पर खिलेगा कमल : धनखड़


**धनखड़ ने देश की राजधानी का महत्वपूर्ण दायित्व देने पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का जताया आभार**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** भाजपा के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व हरियाणा भाजपा अध्यक्ष औमप्रकाश धनखड़ को पार्टी ने देश की राजधानी एवं दिल्ली प्रदेश का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। औमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि पार्टी ने देश की राजधानी की अहम जिम्मेदारी सौंपी है, इसके लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं। भाजपा राष्ट्रीय सचिव श्री धनखड़ ने कहा कि पूरे भारत वर्ष को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सम्पूर्ण विश्वास है और लोकसभा चुनाव में प्रचंड विजय का संकल्प सिद्ध होने जा रहा है। दिल्ली की बात करें तो सभी सात सीटों पर कमल खिलने जा रहा है। दिल्ली की शिक्षित और समझदार जनता जर्नाद्धन फिर से मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का मन बना चुकी है। चार जून को भाजपा 400 पार का संकल्प पूरा होने जा रहा है।

दिल्ली प्रदेश चुनाव प्रभारी श्री धनखड़ ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का चुनाव है। यह चुनाव भारत को अमृत काल में आत्मनिर्भर बनाने की ओर ले जाने का चुनाव है। देश की जनता मान चुकी है कि भारत को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए मोदी से बेहतर कोई नेता नहीं है। इसलिए देशभर में राजनीतिक माहौल भाजपा के पक्ष में है। दिल्ली प्रदेश चुनाव प्रभारी ने कहा कि दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी के भ्रष्टचार से तंग हो चुकी है।

कांग्रेस के भ्रष्टाचार को खत्म करने का नारा देकर सत्ता में आई अरविंद केजरीवाल सरकार ने भ्रष्टचार के सारे रिकार्ड तोड़ दिए।



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सहित आधी से ज्यादा सरकार जेल में बंद है। कानून का सम्मान करना तो दूर की बात,केजरीवाल कह रह रहे हैं कि जेल से ही सरकार चलाएंगे। प्रजातंत्र और कानून के राज में ऐसी तानाशाही पहले कभी नहीं देखी और सुनी गई।

## भाजपा की दो दिनों में पांच बैठकें, बनाई अभेद रणनीति

**हरियाणा में भाजपा के लिए माहौल शानदार, दसों सीटें जीतना तय : डा. सतीश पूनिया**

**दूसरे दिन कलस्टर इंचार्ज, लोकसभा प्रभारी, लोकसभा संयोजक एवं लोकसभा विस्तारक और मोर्चा पदाधिकारियों के साथ हुई बैठकें**

**लोकसभा चुनाव प्रभारी, सह-प्रभारी, चुनाव प्रबंधन समिति संयोजक और संगठन मंत्री की उपसथिति में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय**




**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** 2024 के लोकसभा चुनाव को ऐतिहासिक बनाने की कवायद में जुटी भाजपा का दूसरे दिन भी गुरुग्राम में बैठकों का दौर जारी रहा। बुधवार को देर रात तक चली बैठकों के बाद गुरुवार को भी गुरुकमल कार्यालय में प्रदेश लोकसभा चुनाव प्रभारी सतीश पूनिया की अध्यक्षता में दो महत्वपूर्ण बैठकें हुईं। पहली बैठक में कलस्टर इंचार्ज, लोकसभा प्रभारी, लोकसभा संयोजक एवं लोकसभा विस्तारक शामिल हुए, जबकि दूसरी बैठक मोर्चा पदाधिकारियों के साथ हुई। बैठक में डा. सतीश पूनिया, प्रदेश लोकसभा चुनाव सह प्रभारी सुरेन्द्र नागर, चुनाव प्रबंधन समिति संयोजक सुभाष बराला, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा आदि वरिष्ठ नेताओं ने आगामी दिनों में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की। बैठक में आगामी दिनों में लोकसभा और विधानसभा स्तर पर होने वाली रैलियों की तिथियों पर भी चर्चा हुई।

बैठकों के बाद डा. सतीश पूनिया ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि दो दिनों में पांच बैठकों में सभी विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। हरियाणा के पदाधिकारियों की बैठक लेने के बाद लोकसभा चुनाव प्रभारी डा. पूनिया ने दावा किया कि हरियाणा में 10 की 10 लोकसभा सीटें भारतीय जनता पार्टी जीतने जा रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा के प्रति शानदार माहौल है। चुनाव प्रभारी ने बैठकों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इन बैठकों में लोकसभा प्रत्याशियों से चुनाव को लेकर होने वाले आगामी कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई है।

डा. पूनिया ने बताया कि पार्टी के सभी विभागों के साथ चुनाव प्रबंधन को लेकर भी सारगर्भित चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि चुनाव में संगठन की भूमिका महत्वपूर्ण होती है और हरियाणा में संगठनात्मक रूप से भाजपा मजबूत है। डा. सतीश पूनिया ने कहा कि हरियाणा के लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चाहते हैं और डबल इंजन की सरकार के कामों से संतुष्ट हैं।

डा. पूनिया ने कहा कि भाजपा के छह मोर्चे हैं और सभी मोर्चों की अपनी-अपनी अहमियत है। डा. पूनिया ने कहा कि मिशन 370 और मिशन 400 पार के लिए हरियाणा संकलपित है और निश्चित तौर पर दस की दस लोकसभा सीटें जीताकर हरियाणा की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास भेजेगी। उन्होंने कहा कि मोदी और नायब सरकार के कार्य प्रदेश की जनता को दिखाई दे रहे हैं, इसलिए प्रदेश की जनता भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाने का मन बना चुकी है। सेवा, सुशासन, सुरक्षा और गरीब कल्याण के लक्ष्य को लेकर डबल इंजन की सरकार काम कर रही है। पिछले 10 सालों में मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के सभी वर्गों के लोगों को मिल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का सम्मान विश्व में बढ़ा है।

डा. पूनिया ने कहा कि गरीब कल्याण के लिए मोदी सरकार ने अनेकों योजनाएं बनाई हैं। भाजपा सरकार ने आयुष्मान कार्ड, चिरायु कार्ड देकर गरीबों को बीमारी पर होने वाले खर्च की चिंता से मुक्त किया है। इन दस सालों में युवाओं को रोजगार, किसानों को समृद्ध करने तथा महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में अहम कदम उठाए गए हैं। हरियाणा में बिना पर्ची और बिना खर्ची के युवाओं को रोजगार देने का पारदर्शी सिस्टम बना है, जिससे युवा मैरिट के आधार पर नौकरियां लग रहे हैं।

डा. पूनिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही भारत का विश्व गुरू बनना और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनना संभव है। उन्होंने कहा कि सभी नेता और कार्यकर्ता जनता को मोदी सरकार की उपलब्धियां बताएं और ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़ें। डा. पूनिया ने हरियाणा की 10 की 10 सीटों को जीतने के लिए टीम भावना से काम करने और बूथ तक पार्टी को और अधिक मजबूत करने की बात उपसथित पदाधिकारियों को कही।

**6 अप्रैल को कार्यकर्ता अपने-अपने घरों पर लगाएंगे भाजपा का झंडा : सुभाष बराला**

लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति संयोजक एवं राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि लगातार दो दिनों से हो रही बैठकों में आगामी दिनों में होने वाले अलग-अलग कार्यक्रमों को तय किया गया है। लोकसभा चुनाव को लेकर विधानसभा स्तर पर होने वाली रैलियों पर बैठक में चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा के स्थापना दिवस पर 6 अप्रैल को लाखों कार्यकर्ता अपने-अपने घरों पर पार्टी का झंडा लगाएंगे। 14 अप्रैल बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर भी प्रदेश में अलग-अलग कार्यक्रम होंगे।

सुभाष बराला ने कहा कि बैठकों में लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति, लोकसभा प्रभारी, कलस्टर प्रभारी और सभी छह मोर्चों के अध्यक्षों के साथ हुई बैठक में चुनाव संबंधी जिम्मेदारियां तय की गई है। उन्होंने बताया कि विधानसभा स्तर पर रैलियां तय हुई, जिनमें 20 से 22 विधानसभाओं में मुख्यमंत्री नायब सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल व अन्य वरिष्ठ नेता रैलियां करेंगे। श्री बराला ने कहा कि मोर्चा अध्यक्षों को भी अपने-अपने वर्गों में काम करने का लक्ष्य दिया गया है।

## एंटी करप्शन ब्यूरो ने गुरुग्राम नगर निगम के लिपिक व जेडटीओ को 50 हजार की रिश्वत लेने के आरोप में पकड़ा

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** बुधवार को नगर निगम गुरुग्राम में उस समय हड़कंप बच गया जब एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने जेडटीओ सहित दो कर्मचारियों को 50 हजार की रिश्वत लेने के आरोप में रंगे हाथों दबोच लिया। निगम कर्मचारियों पर शिकायतकर्ता ने हाउस टैक्स कम करने के लिए एक लाख की मांग की थी। शिकायत के बाद टीम ने रेड कर जेडटीओ के स्टाफ को रंगे हाथों पकड़ लिया। पकड़े गए कर्मचारियों पर यह आरोप है कि जेडटीओ के नाम पर यह रकम




मांगी गई थी। टीम ने टैक्स ब्रांच से उनके मोबाइल और एक पीसी भी अपने साथ ले गई है।

एसीबी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर 7 निवासी कृष्ण सचदेवा ने एसीबी को दी कई शिकायत में बताया था कि उनका हाउस टैक्स अधिक आया हुआ था जिसको ठीक करने के लिए वह कई बार नगर निगम के चक्कर काट चुके हैं, लेकिन कर्मचारी उसको ठीक नहीं कर रहे हैं। वहीं उन्होंने बताया कि टैक्स ठीक करने के लिए एक लाख रुपए मांग रहे हैं। जिसकी शिकायत ब्यूरो को दी थी। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए एसीबी ने डीएसपी मीना कुमारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। इस टीम ने बुधवार दोपहर नगर निगम के सिविल लाइन ऑफिस में रेड की। यहां पर जेडटीओ के सहायक कर्मचारी दीपक कुमार को पचास हजार की रिश्वत सहित पकड़ा।

इस कार्यवाही में एचएसआईडीसी के एजीएम हरिकृष्ण बतौर डयूटी मैजिस्ट्रेट मौजूद रहे। यहां से टीम जेडटीओ और कर्मचारी को लेकर सेक्टर 47 एसीबी ऑफिस पहुंची। यहां पर एसपी ने जेडटीओ समीर श्रीवास्तव और कर्मचारी दीपक से पूछताछ की। इसके बाद देर शाम दोनों को अरेस्ट कर लिया। दोनों के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया। एसीबी के एएसआई ने बताया कि जेडटीओ और उसके सहायक कर्मचारी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। वहीं बताया गया है कि वीरवार को आरोपियों को अदालत में पेश किया जाएगा।

बता दें कि नगर निगम गुरुग्राम में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है, लेकिन अधिकतर शहरवासी शिकायत करने में आगे नहीं आते हैं, जिससे निगम में बैठे भ्रष्ट कर्मचारियों व अधिकारियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। वहीं शहर में इस बात की चर्चा आम है कि नगर निगम की विज्ञापन शाखा, एनफोर्समेंट, डेवलपमेंट, बागवानी, साफ सफाई, डीटीपी व राजस्व विभाग व अन्य में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है।

वहीं मुख्यमंत्री द्वारा चलाए गई बाजार की स्वामित्व योजना में भी अरबों-खरबों का महा घोटाला हुआ है। जिसकी शिकायत भी निगम आयुक्त से लेकर प्रदेश के आल्हा अधिकारियों तक पहुंची हुई है फिर भी राजनीतिक दबाव के चलते मामले फाइलों में दबे पड़े है। एसीबी द्वारा की गई यह कार्रवाई तो एक बहुत ही छोटी है। महा घोटाले में सख्त कार्रवाई करने में प्रदेश सरकार भी मौन बनी हुई है।

## आज और कल भी खरीदी जाएगी चिनहित गांवों के किसानों की सरसों की फसल

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** एसडीएम रेवाड़ी एवं प्रशासक मार्केट कमेटी रेवाड़ी विकास यादव ने बताया कि उपायुक्त के निर्देशों की पालना मे चालू सप्ताह के शेष दिन शुक्रवार 29 मार्च व शनिवार 30 मार्च को भी सरसों की निर्धारित एमएसपी पर खरीद के लिए कमेटी गठित की निगरानी में किसानों की सरसों की उपज की सरकारी खरीद की जाएगी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार 29 मार्च को गांव हुसैनपुर, नारायणपुर, गांगोली व डालियाकी और शनिवार 30 मार्च को गांव चांदावास, धामलावास, कालूवास व हांसाका के किसानों की सरसों की निर्धारित एमएसपी पर खरीद की जाएगी। यदि कोई किसान बिना उक्त शेड्यूल, रोस्टर के सरसों की उपज मंडी में बेचने के लिए लाता है तो उसकी सरसों की फसल की खरीद नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि आगामी सप्ताह का शेड्यूल भी शीघ्र जारी किया जाएगा।

**नई अनाज मंडी कोसली व बावल में भी होगी सरसों फसल की खरीद :** सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी, मार्केट कमेटी कोसली ने बताया कि नई अनाज मंडी बावल व कोसली में सरसों की सरकारी खरीद सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य 5650 रुपये प्रति क्विंटल तथा 8 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से सरकारी नियमों के अनुसार एक दिन में अधिकतम 25 क्विंटल की खरीद की जायेगी। सरसों की खरीद गावों के रोस्टर के हिसाब से की जाएगी ताकि किसानों को समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि शुक्रवार 29 मार्च को नई अनाज मंडी बावल में जलालपुर, सुझाना, जलियावास, आरामनगर व नई अनाज मंडी कोसली में गुडियानी, गोपालपुर गाजी व गुगोढ़ तथा शनिवार 30 मार्च को नई अनाज मंडी बावल में सुठानी, ढाणी सुठानी, खेड़ी धरचाना, प्रयागपुरा, नरसिंहपुर गढ़ी व मोहनपुर व नई अनाज मंडी कोसली में जखाला, बहोतवास भोन्दु व कान्हड़वास गांव के किसानों की सरसों की पैदावार की निर्धारित एमएसपी पर खरीद की जाएगी। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे अपनी सरसों की फसल को अच्छी तरह सुखाकर व साफ करके जिस दिन उनके गांव का नम्बर हो उसी दिन सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक किसी भी समय ला सकता है।

## पृथला विधानसभा कार्यालय के उद्घाटन में जनता का मिलेगा आशीर्वाद

### पृथला विधानसभा क्षेत्र की जनता की सेवा में हमेशा से समर्पित हूँ : बिजेन्द्र नेहरा





**समाचार गेट ब्यूरो**

**बल्लबगढ़।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश प्रवक्ता विजेंद्र नेहरा ने आज पृथला विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांव का दौरा कर आगामी 31 मार्च को सुबह 10 बजे आयोजित होने वाले पृथला विधानसभा क्षेत्र के गाँव साहूपुरा जाट चौक कार्यालय के उद्घाटन के लिए सरपंच, भाजपा कार्यकर्ताओं एंव गांव वासियों से सभी को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने का न्योता दिया।

इसी क्रम में बिजेंद्र नेहरा ने आज डाढौता, कटेसरा, जवां, लढौली, दयालपुर, अटाली, बहबलपुर, असावटी, प्याला इत्यादि गाँवों में जाकर कार्यालय उद्घाटन के लिए ग्रामीणों को आमंत्रित किया। नेहरा ने बताया कि उनके कार्यालय का उद्घाटन करने केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, राज्य मंत्री सीमा त्रिखा, भाजपा के जिला अध्यक्ष राजकुमार बोहरा तथा भाजपा युवा नेता देवेंद्र चौंधरी आदि ने अपना कीमती समय दिया हैं। गाँव साहूपुरा जाट चौक सेक्टर 65 में उनका ऑफिस बनाया गया है और उसमें इन बड़े नेताओं के अलावा भाजपा के बड़े पदाधिकारी और पृथला क्षेत्र की देवतुल्य जनता भी आ रही हैं। गाँवो में सभी जगह यह चर्चा है कि कार्यालय उद्घाटन के बाद बिजेन्द्र नेहरा पृथला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ने के सबसे मज़बूत दावेदार बन जाएँगे। नेहरा की आरएसएस की पृष्ठभूमि है वो भाजपा संगठन में पुराने समय से काम कर रहे है आज नेहरा को भाजपा हरियाणा प्रदेश प्रवक्ता की बहुत बड़ी जम्मिेदारी मिली हुई है।

इस अवसर पर इस अवसर पर राकेश, सतीश कौशिक, विष्णु मलिक सरपंच, कुलदीप रावत, देवेंद्र गुल्लू सरपंच, धर्मेंद्र हुड्डा, नभे सिंह सरपंच, अनिल सरपंच, महेंद्र मास्टर, गोविंद तेवतिया, मास्टर बृजपाल नेहरा पूर्व सरपंच, बच्चू नेहरा, प्रह्लाद देशवाल, यश नेहरा इत्यादि प्रमुख तोर पर उपसथित रहे और सभी ग्रामीण को कार्यालय उद्घाटन के लिए निमंत्रण दिए।

# उद्यमियों का देश के विकास में अहम योगदान : बंडारू दत्तात्रेय

**ऑल इंडिया फोरम ऑफ एमएसएमई द्वारा आयोजित प्रथम राष्ट्रीय एमएसएमई महोत्सव का हुआ शुभारंभ**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि उद्यमियों का देश के विकास में अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद इंडस्ट्रीज को भारत के साथ साथ विश्व में पहचान बनाने के लिए सब उद्यमी भागीदार बनें। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय स्थानीय मैगपाई काम्पलैक्स में ऑल इंडिया फोरम ऑफ एमएसएमई द्वारा आयोजित प्रथम राष्ट्रीय एमएसएमई महोत्सव में उपस्थित लघु उद्यमियों और अन्य मेहमानों को सम्बोधित कर रहे थे। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने गुरुवार को स्थानीय मैगपाई काम्पलैक्स में आयोजित प्रथम एआईएफओएम राष्ट्रीय एमएसएमई महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने महोत्सव में उपस्थित सभी अतिथियों, उद्यमियों एवं मीडिया कर्मियों का यहाँ उपस्थित होने पर धन्यवाद किया। वहीं उपस्थित सभी उद्यमियों एवं ऑल इंडिया फोरम के उज्जवल भविष्य की कामना की। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय और अन्य मेहमानों ने दी प्रज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने उपस्थित लघु उद्यमियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि एक शिल्पकार से लेकर शहरी क्षेत्र में मौजूद स्टार्ट अप, स्मार्ट सॉल्यूशन, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग तक आते है। आज एमएसएमई/एमएसएमई के अंतर्गत न केवल मैन्युफैक्चरिंग एवं सर्विस उद्योग आते है, अपितु व्यापार को भी इसमें शामिल किया गया है। यह केवल आप जैसे उद्यमियों का ही प्रयास है। जिसके द्वारा हमारी अर्थव्यवस्था को ईंधन प्राप्त होता है । इसके साथ ही रोजगार सृजन एवं कर दाता के रूप में आपका योगदान महत्त्वपूर्ण है। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि एक उद्यमी का जीवन चुनौतियों से परिपूर्ण है। इन चुनौतियों के बीच आप द्वारा दिखाए जाने वाले संयम, साहस, जोखिम एवं प्रतिदिन बदलने वाली टेक्नोलॉजी के मध्य खड़े रहना बहुत ही प्रेरणादायक है। आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था के दौर में उद्यमियों द्वारा की गई मेहनत की बदौलत जो एक अच्छा ईसीओ सिस्टम हमारे देश में उपलब्ध है। उसकी प्रशंसा पूरे देश में की जाती है। इसी के परिणाम स्वरूप है। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने एआईएफओएम के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम सुंदर कपूर एवं राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार चौधरी को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने इस संस्था का निर्माण करके हजारों उद्यमियों को विकास का एक रास्ता दिखाया है। इसके अतिरिक्त इस राष्ट्रीय महोत्सव के दौरान सम्मान प्राप्त करने वाले सभी अवार्डी को बधाई देते हुए कहा कि उम्मीद करते हैं कि जो उद्यमी आज अवार्ड नहीं ले पाये हैं।वे और अधिक मेहनत एवं अच्छा कार्य करेंगे। भविष्य में अवश्य यह अवार्ड प्राप्त करेंगे।

# आप कार्यकर्ताओं की छवि खराब करने में जुटी भाजपा सरकार : हरेंद्र भाटी




**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** बीते कल फरीदाबाद में कई आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थामा, लेकिन भाजपा द्वारा प्रदेश प्रवक्ता नरेश शर्मा की भाजपा में शामिल होने की एक झूठी अफवाह फैलाई गई। नरेश शर्मा ने आज प्रेस वार्ता कर कहा कि वह दो दिन से शहर में मौजूद नहीं थे और उसके बावजूद भाजपा ने कल प्रेस वार्ता में नरेश शर्मा को भाजपा में शामिल होने का नाम घोषित किया, लेकिन उन्होंने कहा कि उन्होंने किसी भी तरह की भाजपा के नेताओं से कोई वार्ता नहीं हुई और ना ही किसी तरह का आश्वासन उनके द्वारा दिया गया। फिर भी भाजपा द्वारा एक षड्यंत्र के तहत उनकी छवि को खराब करने की कोशिश की गई। प्रदेश प्रवक्ता नरेश शर्मा ने अपने बयान में कहा कि वह क्षेत्र की समस्याओं को हमेशा उठते रहते हैं, चाहे वह टीवी के माध्यम से वह सोशल मीडिया के माध्यम से उन्होंने जो अभियान टोल फ्री, फरीदाबाद मंझावली पुल का मुद्दा, स्टेडियम का मुद्दा फरीदाबाद से गुडग़ांव मेट्रो का मुद्दा, इन सबके लिए वह फरीदाबाद की जनता को धोखा नहीं दे सकते, क्योंकि वह फरीदाबाद की जनता को बहुत प्यार करते हैं और फरीदाबाद की जनता को धोखा नहीं दे सकते क्योंकि विपक्ष में रहकर इन सभी सवालों के जवाब वह भाजपा से पूछते रहे हैं और आगे भी पूछते रहेंगे। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद की जो अहम मुद्दे हैं स्वास्थ्य शिक्षा रोजगार उसके लिए वह आवाज उठाते रहेंगे और जल्द से जल्द इन समस्याओं का निपटारा करने के लिए तत्पर अपनी आवाज हर माध्यम से उठाते रहेंगे। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष हरेंद्र भाटी नरेश शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता, सचिन चौधरी, चंद्रपाल चौधरी, जीत सिंह, सत्येंद्र शर्मा, राम गौर व देवराज गौड अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# फरीदाबाद को फिर दिलाएंगे औद्योगिक पटल पर नई पहचान : मूलचंद शर्मा

**लघु उद्योग भारती के प्रतिनिधिमंडल ने किया कैबिनेट मंत्री का स्वागत**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व वाली सरकार में कैबिनेट मंत्री बनने के बाद उद्योग,श्रम खाद्य नागरिक आपूर्ति एवम् उपभोक्ता मामले और चुनाव विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा का सेक्टर-8 कार्यालय पर लघु उद्योग भारती फरीदाबाद के बैनर तले कई उद्योगपतियों का प्रतिनिधिमंडल स्वागत करने पहुंचे।

इसमें लघु उद्योग हरियाणा के सह प्रभारी एवम राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य और उद्योगपति अरूण बजाज, लघु उद्योग भारती बल्लभगढ़ इकाई के अध्यक्ष अशोक चौधरी , उद्योगपति गौतम चौधरी , जी एस एस.के.दमानी, जरनल सेक्रेटरी अमृतपाल कोचर , कोषाध्यक्ष राज कुमार भगत, संजय अरोड़ा, देशबंधु मदान ,सुशील सेठी , अनिल सेठी , राजेश सहगल . प्रशांत ठाकुर सहित कई लोगों ने संयुक्त रूप से कैबिनेट मंत्री को शॉल ओढ़ाकर और पॉट देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उद्योगपति अरूण बजाज ने खुशी जताते हुए कहा की श्री मूलचंद शर्मा जी को उद्योग से जुड़ा विभाग मिलने के बाद फरीदाबाद इंडस्ट्रीज में काफी खुशी है। इसकी जो समस्याएं है उसे मंत्री जी खत्म करने का प्रयास करेंगे। उद्योगपति अरूण बजाज ने इंडस्ट्रीज में इंफ्रास्ट्रचर का मुद्दा उठाया ,वहीँ जाजरू औद्योगिक नगर की सडक़ों का मुद्दा उठाया जिस पर कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने आचार संहिता खत्म होने के बाद बनाने का भरोसा दिया। उद्योगपति गौतम चौधरी ने कहा की हम सब के लोकप्रिय विधायक मूलचंद शर्मा जी पर बीजेपी आलाकमान को जितना भरोसा है उतना ही फरीदाबाद उद्योग को उनसे काफी उम्मीदे है। श्री मूलचंद शर्मा की कार्यशैली का ही असर है की उन्हें पुन: एक बार फिर बड़ा विभाग देकर उन पर विश्वास जताया गया है।

उद्योग फरीदाबाद की रीढ़ की हड्डी है ऐसे में इसकी समस्याओं पर काम करने की जरुरत है। उद्योगपतियों की सारी बात सुनने के बाद उद्योग एवं श्रम विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि फरीदाबाद गुडग़ांव बड़े औद्योगिक हब है औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए वे बेहतर कार्य करने का काम करेंगे, उन्होंने कहा कि वह खुद औद्योगिक क्षेत्र फरीदाबाद जिले से आते हैं और फरीदाबाद औद्योगिक क्षेत्र की फिर से विश्व पटल पर पहचान बनाने के लिए भी प्रयास करेंगे , हालांकि उन्होंने यह कहा कि समय थोड़ा है फिर भी वह भरकस प्रयास करेंगे। फरीदाबाद सहित पूरे हरियाणा में मदर यूनिट को लेकर के भी प्रदेश के मुख्यमंत्री से बात करेंगे ताकि प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़ सके। उद्योग मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि मजदूर के हितों के लिए भी बेहतर कार्य करने का काम करेंगे।

# अधिकारी-कर्मचारी चुनाव प्रचार से बनाकर रखें दूरी : जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह

**टीमवर्क व तालमेल बनाकर करना होगा लोकसभा आम चुनाव से संबंधित कार्य**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने जिला के अधिकारियों व कर्मचारियों से लोकसभा चुनाव-2024 के दौरान आदर्श आचार संहिता की दृढ़ता से पालना करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि लोकसभा आम चुनाव की घोषणा के साथ ही देशभर में आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। उन्होंने बताया कि यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी लोकसभा आम चुनाव के दौरान चुनाव प्रचार में संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों अनुरूप कार्रवाई की जाएगी।

**नए विकास कार्य नहीं किए जा सकते शुरू :**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने विभिन्न इंजीनियरिंग विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए बताया कि आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने की तिथि के बाद कोई भी नया कार्य आरंभ नहीं किया जा सकता है। जो कार्य धरातल पर पहले से शुरू हैं, वे ही जारी रहेंगे। उन्होंने बताया कि उपायुक्त कार्यालय की ओर से विभिन्न विभागों की विकास कार्य से संबंधित रिपोर्ट पहले ही मंगवा ली गई है।

**सरकारी विश्राम गृहों का नहीं कर सकते उपयोग :**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिला के सभी अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि विश्राम गृहों में कोई भी राजनीतिक गतिविधियां न हो। न ही उनकी पूर्व स्वीकृति के बिना विश्राम गृहों की बुकिंग की जाए। इसी प्रकार शिक्षण संस्थानों व धार्मिक स्थलों को भी चुनाव प्रचार के संबंध में प्रयोग नहीं किया जा सकता।

**सभी अधिकारी व कर्मचारी अब चुनाव आयोग के अधीन करेंगे कार्य :**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि अब पूरी सरकारी मशीनरी भारत निर्वाचन आयोग की प्रतिनियुक्ति पर है और अधिकारियों व कर्मचारियों की भारत निर्वाचन आयोग के प्रति पूर्ण जवाबदेही है। उन्होंने कहा कि जिला में लोकसभा आम चुनाव का कार्य एक टीम भावना से पूरा करना होगा। लोकसभा आम चुनाव में जिला के प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी का कार्य अपनी जगह बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अगर टीम में पूर्ण तालमेल बना रहता है तो कोई भी कार्य मुश्किल नहीं होता।

**बिना अनुमति नहीं लगा सकते संदेश, होर्डिंग्ज, पोस्टर, वाल पेंटिंग :**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आदर्श आचार संहिता के दौरान किसी भी सरकारी व अर्ध सरकारी एवं निजी सम्पतति पर किसी प्रकार का कोई भी राजनीतिक संदेश, होर्डिंग्ज, पोस्टर, वाल पेंटिंग आदि नहीं लगाई जा सकती है। दी हरियाणा प्रिवेंशन ऑफ डिफेसमेंट आफ प्रॉपर्टी एक्ट, 1989, संशोधित अधिनियम 1996 के अनुसार ऐसा करना अपराध है। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने की हिदायत दी है कि उनसे संबंधित विभागीय सम्पतति पर कोई राजनीतिक होर्डिंग, पोस्टर, वॉल पेंटिंग आदि ना लगे। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा पाया जाता है तो यह दी हरियाणा प्रिवेंशन आफ डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट, 1989 संशोधित अधिनियम 1996 का उल्लंघन होगा तथा दोषी पाए जाने पर उसके विरूद्ध सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

**चुनाव समाप्ति तक विभागाध्यक्ष नहीं छोड़ सकते मुख्यालय :**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिला के सभी अधिकारियों को लोकसभा चुनाव के दौरान जिला मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश दिए हैं। चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न होने तक किसी भी समय जिला के अधिकारियों की आवश्यकता पड़ सकती है। ऐसे में सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जरूरी परिस्थितियों में ही केवल पूर्व स्वीकृति लेकर ही जिला मुख्यालय छोड़े। उन्होंने कहा है कि आदेशों की अवहेलना को गंभीरता से लेते हुए उल्लंघन करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# ह्यूमन राइट के स्पेशल मॉनिटरिंग ऑफिसर सुधीर चौधरी ने प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों संग किए सुझाव साँझे

**कहा, मानव अधिकार अधिकारों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए अधिकारी दे सुझाव**




**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** ह्यूमन राइट कमीशन के स्पेशल मॉनिटरिंग अधिकारी सुधीर चौधरी ने आज वीरवार को दोपहर उपायुक्त कार्यालय में डीसी विक्रम सिंह की मौजूदगी में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ ह्यूमन राइट के बेहतरीन क्रियान्वयन के लिए सुझाव सांझे किए। उन्होंने कहा कि ह्यूमन ट्रैफिकिंग में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी ह्यूमन ट्रैफिकिंग के लिए विभाग वार बेहतर क्रियान्वयन के लिए सांझे बेहिचक करें। बशर्ते उसमें ह्यूमन राइट्स जरूर शामिल हो। उन्होंने विभाग वार मानव कल्याण के लिए किए जाने वाले विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं के बारे में जानकारी भी ली और ह्यूमन ट्रैफिकिंग के सुझाव सांझे किए। ह्यूमन राइट्स के स्पेशल मॉनिटरिंग अधिकारी सुधीर चौधरी ने पुलिस, महिला एवं बाल विकास, श्रम, स्वास्थ्य, जिला समाज कल्याण, जिला कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण निगम, अनुसूचित जनजाति और जाति कल्याण निगम सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ह्यूमन ट्रैफिकिंग के सुझाव साझा किए। बैठक में डीसी विक्रम सिंह, डिप्टी जेल सुपरिंटेंडेंट नवीन चिल्लर, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर मंजु श्योराण, सहायक सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संजय कुमार सहित अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# बल्लभगढ़ मोहना रोड के दुकानदारों ने जॉइंट कमिश्नर को दिया ज्ञापन



**समाचार गेट ब्यूरो**

**बल्लभगढ़।** बल्लबगढ़ शहर के बीचों-बीच गुप्ता होटल चौक पर खाली प्लॉट में नगर निगम ने कूड़े के ढेर का खत्ता बना दिया है। इस प्लॉट में पडे कूढे के ढेर में बुधवार सुबह किसी आग लगा दी। जिस वजह से वहां पर धुआं फैल गया। इस बारे में फायर बिग्रेड को सूचना दी गई। फायर बिग्रेड ने आग को बुझाया। उधर, दुकानदारों ने इस संबंध में नगर निगम के जॉइंट कमिश्नर को ज्ञापन भी दिया। कूड़े के ढेर की परेशानी को लेकर नगर निगम जॉइंट कमिश्नर को व्यापारी संगठन मोहना रोड के प्रधान प्रदीप गुप्ता] पूर्व प्रधान केसी गुप्ता, बृजमोहन गर्ग, सदस्य गुड्डू ,दीपू ,पंडित किशोरी व अन्य ने ज्ञापन दिया। प्रदीप गुप्ता ने बताया कि गाड़ी व रिक्शा वाले घरों और गलियों में से कूड़ा इकट्ठा करके गुप्ता चौक स्थित प्लॉट में डालते हैं। कूड़ा ज्यादा इकट्ठा होने पर यहां पर बदबू होने लगती है। जिस वजह से दुकानदारों को दिक्कत होती है। उनका कहना है कि मार्केट के लोगों द्वारा अधिकारियों से बार बार शिकायत करने पर सप्ताह में एक बार डंपर में कूड़े को भरकर ले जाते हैं। उसके बाद फिर से रिक्शा वाले प्लॉट को भर देते हैं। आरोप है कि कई बार कई शरारती तत्व कूड़े के ढ़ेर में आग लगा देते हैं। जिससे कि दो-तीन दिन तक कूड़े के ढ़ेर में लगी आग से धुआं उठता रहता है। बदबू और धुआं से दुकानदारों व गलियों में रहने वाले लोगों को और आने-जाने वालों को परेशानी होती है। पिछले दिनों बारिश होने की वजह से कूड़े में बहुत ज्यादा बदबू भी हो गई थी।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों का प्रवेश मार्ग बनाने की मांग को लेकर सेहलंग-बागोत के ग्रामीणों का धरना जारी



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी पर सेहलंग-बाघोत के बीच वाहनों के प्रवेश मार्ग बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना बृहस्पतिवार को 382वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता शेर सिंह बागोत ने की। उन्होंने कहा कि कट बनाने की मांग लोकसभा चुनाव पर केंद्रित रहेगी पिछले सालभर से ग्रामीण वाहनों का प्रवेश द्वार बनाने को लेकर ग्रामीण धरने पर डटे हुए हैं शांतिपूर्वक धरना दे रहे ग्रामीणों का का जोश कम होने का नाम नहीं ले रहा है। धरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि रवि फसल कटाई कार्य के चलते ग्रामीण अपना काम छोड़कर धरने पर बैठे हुए हैं बीते सर्दी के मौसम में धरना स्थल पर बैठे बागोत निवासी एक साथी की शहादत भी हो चुकी है ग्रामीण कट बनाने की मांग को लेकर धरना स्थल पर डटे हुए हैं। सरकार आश्वासन के अलावा धरना स्थल पर बैठे ग्रामीणों की मांग पर काम शुरू नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि जब तक कट का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो जाता तब तक उनका धरना जारी रहेगा। इस मौके पर विजयपाल, हरिओम पोता, नाथूराम, सतवीर सिंह, बाबूलाल, सूबेदार सुखबीर सिंह, बेड़ा सिंह, धर्मपाल सिंह, विजयपाल, मुंशीराम, सूबेसिंह, रघुवीर, सीताराम, रमेश कुमार, मांगेराम, हेमराज, वीरेंद्र सिंह, रामकुमार, दाताराम, रामभगत, प्यारेलाल, वेदप्रकाश, शेर सिंह हाजिर थे।

# पंचम श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव का आयोजन 30 मार्च को

**समाचार गेट ब्यूरो**

**बल्लभगढ़।** श्री लखदातार सेवा ट्रस्ट बल्लभगढ़ की ओर से 30 मार्च को पंचम श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव-2024 का आयोजन किया जाएगा। ट्रस्ट के चेयरमैन श्याम सुंदर गोयल ने बताया श्याम भैया, श्याम हवेली ग्वालियर व राहुल शर्मा श्री दरबार के सानिध्य में शनिवार 30 मार्च 2024 को पंचम श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव दीप फार्म, नैशनल हाइवे सीकरी में आयोजित होगा। शनिवार सुबह 8 बजे श्री सालासर बालाजी एवं श्री खाटू श्याम मंदिर कैली धाम से उत्सव स्थल दीप फार्म तक डीजे., ढोल बाजों व बाबा के रथ के साथ निशान यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद शाम 6 बजे से दीप फार्म में बाबा का भव्य फूल बंगला एवं आलौकिक अद्भुत मेवा श्रृंगार होगा, जिसमें सभी भक्तों के साथ मिलकर मशहूर भजन गायक राज पारिक कोलकाता, सुश्री पलविंदर पलक फतेहाबाद , मनीष शर्मा फरीदाबाद, नितिन श्याम दीवाना बल्लभगढ़ व दिनेश सुशेलिया झुंझुनू से गुणगान करेंगे। मंच संचालन वेद वशिष्ठ करेंगे। अखंड ज्योति, छप्पन भोग व भंडारे का आयोजन भी होगा। भक्तों के लिए लक्की ड्रा में चांदी की बांसुरी निकाली जाएगी।

# प्रभात फेरी कर किया सराय ख्वाजा विद्यालय द्वारा मतदान प्रेरणा अभियान : जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह

## कहा, मतदाता विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में जिला फरीदाबाद में करें 18 वीं लोकसभा चुनाव के लिए मतदान

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी कम डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि प्रभात फेरी निकाल करके सराय ख्वाजा विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा मतदान प्रेरणा अभियान चलाया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि जिला फरीदाबाद के मतदाता विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में18 वीं लोकसभा चुनाव के लिए सौ प्रतिशत मतदान के भागीदार बनें। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी श्री विक्रम यादव के निर्देशानुसार भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार सीईओ जिला परिषद सतबीर मान के कुशल मार्गदर्शन में स्थानीय सराय ख्वाजा के गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा एईआरओ स्वीप एक्टिविटी के तत्वावधान में तिगांव विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के लिए मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।




स्कूल के प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी को प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने हरी झंडी दिखा कर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया।

**यहाँ निकाली गई प्रभात फेरी:**

भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप एक्टिविटी के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रभात फेरी मैन मार्केट सराय ख्वाजा, बजरंग चौक, अशोका एन्क्लेव, सेक्टर-37 मुख्य बाजार एवं निकटवर्ती कॉलोनियों से निकलती हुई गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल सेक्टर -37 संपन्न हुई।

**ये रहे प्रभात फेरी के भागीदार:**

इस प्रभात फेरी में विद्यालय के 130 से भी अधिक विद्यार्थियों, जूनियर रेडक्रॉस, सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड एवं एन एस एस स्वयंसेवकों तथा अध्यापकों सुनील कुमार, सीमा, जितेंद्र गोगिया, पवन कुमार, राहुल रोहिल्ला, अजय गर्ग, सुशीला बेनीवाल एवं अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे। प्रभात फेरी में विद्यार्थी प्रजातंत्र का महा पर्व, लोकतंत्र का गर्व; आप का वोट, निश्चित करेगा देश का भविष्य, हमारा वोट हमारा अधिकार जैसे स्लोगन लिखी पट्टिकाए लेकर गाते हुए सभी को वोट डालने के लिए प्रेरित कर रहे थे।

# एनएसएस शिविर- सीपीआर का विस्तृत ज्ञान सभी के लिए आवश्यक

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में लगाए जा रहे सात दिवसीय विशेष शिविर में आज प्रातः प्रार्थना सभा के साथ प्रारंभ हुआ तथा प्रधानाचार्य मनचंदा ने इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की फरीदाबाद शाखा के प्राथमिक चिकित्सा के वरिष्ठ लेक्चरर प्रेमचंद गौड़ से आग्रह किया कि स्वयंसेवकों को अपने अपार अनुभव एवम सी पी आर के विस्तृत ज्ञान से लाभान्वित करें। पी सी गौड़ ने स्वयंसेवकों को सी पी आर के बारे में बहुत ही रोचक और सहज तरीके से बताया। उन्होंने किसी भी आपातकाल स्थिति से कैसा निपटा जाए और इमरजेंसी नंबर इत्यादि के बारे में भी स्वयंसेवकों को समझाया। उन्होंने कहा कि आपने सुना होगा कि किसी पुलिसकर्मी, सुरक्षाकर्मी या फिर किसी डॉक्टर ने सीपीआर देकर रोगी




की जान बचाई, हाल ही में कई रिपोर्ट्स आई थीं, जिनमें बताया गया था मेट्रो सुरक्षाकर्मी या एयरपोर्ट सुरक्षाकर्मी ने किसी व्यक्ति की सीपीआर के माध्यम से जान बचाई। ऐसे में जानना आवश्यक है कि सीपीआर क्या होता है और इससे किस प्रकार से लोगों की जान बचाई जाती है सीपीआर का पूरा नाम कार्डियो पल्मोनरी रिससिटैशन है। इससे कार्डियक अरेस्ट और सांस न ले पाने जैसी आपातकालीन स्थिति में व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। सीपीआर में बेहोश व्यक्ति को प्रति मिनट एक सौ बीस की गति से हृदय दबाव दिया जाता है तथा माउथ टू माउथ रेसपिरेशन दी जाती हैं जिससे फेफड़ों को ऑक्सीजन मिलती है साथ ही इससे शरीर में पहले से ऑक्सीजन वाला खून संचारित होता रहता है। पी सी गौड़ ने डमी की सहायता से सभी स्वयंसेवकों को सी पी आर का डिमॉन्सट्रेशन दिया। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि सी पी आर फर्स्ट एड के अंतर्गत प्रमुख लाइफ सेविंग तकनीक है जिस का ज्ञान होना सभी के लिए बहुत ही आवश्यक और लाभप्रद है। उन्होंने मुख्य अतिथि का धन्यवाद प्रकट किया तथा शिविर के संचालन के लिए दोनों एन एस एस अधिकारियों सीमा और सुनील कुमार का शिविर संचालन के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी स्वयंसेवकों और प्राध्यापकों जितेंद्र, प्रवीण, संदीप एवम कुलदीप का भी शिविर में सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त किया।

## आदेश यादव द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में बोले केन्द्रीय राज्य मंत्री

# 2047 तक भारत को विकसित बनाने का सपना होगा पूरा: कृष्णपाल गुर्जर



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** नंगला एनक्लेव पार्ट 2 स्थित के डी कान्वेंट स्कूल परिसर में भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष आदेश यादव द्वारा केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, स्वामी मुनिराज महाराज, राधे-राधे बाबू जी महाराज,बॉलीवुड़ अभिनेत्री एवं भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पम्पी मोटंग मौजूद रहे। इस मौके पर स्कूल के चेयरमैन सुरेन्द्र यादव, विमला यादव, आदेश यादव व अजय यादव द्वारा केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, स्वामी मुनिराज महाराज, राधे-राधे बाबू जी महाराज का पगड़ी बांधकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि आज पूरे देश में मोदी की लहर है, इस बार 400 पार का जो लक्ष्य एनडीए ने रखा है, प्रत्येक कार्यकर्ता उसे पूरा करने के लिए जी जान जुटा हुआ है। श्री गुर्जर ने कहा कि आज देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी मोदी की जय-जय हो रही है और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 में भारत को विकसित देश बनाने का जो संकल्प लिया है, उसमें सभी देशवासी अपनी आहुति डालने के लिए कृतसंकलपित है और उनके इस स्वप्न को पूरा करने का काम करेंगे। श्री गुर्जर कहा कि एनआईटी 86 विधानसभा क्षेत्र के लिए सरकार द्वारा करोड़ों रूपए के विकास कार्य किए जा चुके है कुछ पर काम चल रहा है और कुछ पाईप लाईन में है जिन्हें जल्द पूरा कर लिया जाएगा। इस अवसर पर उपस्थितजनों को सम्बोधित करते हुए आदेश यादव ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता जी-जान से चुनाव में जुटा हुआ है और केन्द्र में मोदी व प्रदेश में भाजपा सरकार हैट्रिक लगाने का काम करेगी। इस मौके पर उपस्थित सभी मौजिज लोगों ने केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के पक्ष में एकजुट होकर 10 लाख पार का नारा देकर भरोसा दिया और कहा कि वह पहले से अधिक मतों से जीतेगें। इस समारोह में सतीश फागना, कविन्द्र फागना, पूर्व मेयर सुमन बाला, पूर्व पार्षद महेन्द्र सरपंच, धर्मवीर भड़ाना, भगवान सिंह, सी.पी. शर्मा, हरीश शर्मा कुलैना, युवा भाजपा जिलाध्यक्ष शोभित अरोड़ा, महामंत्री प्रवीण चंदीला, सचिव विशाल बैंसला, कोषाध्यक्ष तुषार जिन्दल, सह कोषाध्यक्ष रोबिन बसोया, रघुबर सरपंच पाली, भारत चेयरमैन, सतपाल भामला, आर.के. शर्मा, प्रदीप गुप्ता, नंदराम पाहिल, राजकुमार शर्मा, अनिता शर्मा, मानव शर्मा, अभिषेक सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# हरा फल न खाने से होती हैं कई गंभीर बीमारी, गर्मी में खाना है जरूरी

**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** कीवी एक हरा फल है जो मूल रूप से चीन से प्राप्त हुआ है। इसमें शरीर को विभिन्न बीमारियों से बचाने वाले गुण होते हैं। इसका सेवन करने से डेंगू, हार्ट डिजीज, और खराब पाचन संबंधी समस्याएं कम होती हैं। कीवी को विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट्स का भंडार माना जाता है। यह आपके दिल और पेट के लिए काफी फायदेमंद होता है। प्लेटलेट्स में भारी गिरावट के कारण



मुंह, नाक से खून निकलता है। कीवी खाने से डेंगू के इलाज और बचाव में सपोर्ट मिलता है। कीवी में विटामिन सी, सोडियम, जिंक, कॉपर, सेलेनियम जैसे न्यूट्रिएंट होते हैं जो इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाते हैं।

**इम्यूनिटी नहीं होगी कमजोर**

विटामिन सी आपकी इम्यून सिस्टम के लिए काफी आवश्यक है। यह रोगों से लड़ने की क्षमता को बढ़ाता है। अगर आपको बीमारियां जल्दी पकड़ लेती हैं तो विटामिन सी रिच फूड्स को डाइट में शामिल जरूर करें।(स्त्रोत: समाचार एजेंसी)






## संपादकीय

# राजस्थान में वसुंधरा समर्थक सांसदों का सफाया



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी ने वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया के सभी समर्थक सांसदों के टिकट काट दिए हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में वसुंधरा राजे समर्थक विधायकों के बड़ी संख्या में टिकट काटे गए थे। अब लोकसभा चुनाव में भी उनके समर्थकों का सफाया हो गया है। सिर्फ वसुंधरा राजे के पुत्र दुष्यंत सिंह को झालावाड़ से पांचवीं बार सांसद का टिकट मिला है।

श्रीगंगानगर सीट पर पांच बार के मौजूदा सांसद निहालचंद मेघवाल का टिकट काटकर अनूपगढ़ नगर परिषद की अध्यक्ष प्रियंका बैलान को प्रत्याशी बनाया गया है। प्रियंका बैलान प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष सीपी जोशी के साथ युवा मोर्चा में प्रदेश सचिव रह चुकी है। निहालचंद मेघवाल 1996, 1999, 2004, 2014 व 2019 में सांसद व 1998 में रायसिंह नगर से विधायक रह चुके हैं। उनके पिता बेगाराम चौहान 1977 में जनता पार्टी से व 1989 में जनता दल से सांसद व 1972 में रायसिंह नगर से स्वतंत्र पार्टी की टिकट पर विधायक रह चुके हैं। निहालचंद के भाई लालचंद चौहान भी 2003 में रायसिंह नगर से भाजपा के विधायक रह चुके हैं। ऐसे में निहालचंद मेघवाल का टिकट काटने का सिर्फ एक ही कारण रहा है। उनका वसुंधरा राजे गुट में होना। कांग्रेस ने वहां से कुलदीप इंदौरा को प्रत्याशी बनाया है।

राजस्थान भाजपा में अब पूरी तरह पीढ़ीगत बदलाव हो रहा हैं। एक तरफ जहां भजनलाल शर्मा जैसे आम कार्यकर्ता को वसुंधरा राजे पर तरहीज देते हुए मुख्यमंत्री बना दिया गया है। वहीं लोकसभा चुनाव में भी सभी वसुंधरा समर्थकों के टिकट काटकर नए लोगों को प्रत्याशी बनाना इस बात का संकेत है कि राजस्थान की राजनीति में अब वसुंधरा राजे का प्रभाव समाप्त हो रहा है और नई पीढ़ी के नेता आगे आ रहे हैं।

# 12वीं कक्षा की छात्रा रात्रि के समय हुई गायब, पुलिस ने किया केस दर्ज

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना सिटी थाना अंतर्गत 12वीं कक्षा की छात्रा घर से रात्रि के समय गायब हो गई छात्रा के पिता की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज किया है पुलिस को दी शिकायत में मनीष कुमार ने बताया कि उसकी पुत्री रचना( काल्पनिक नाम) जो निजी स्कूल में 12वीं कक्षा में पढ़ती थी, 26 मार्च को रोजमर्रा की भांति खाना खाकर सोई थी जो सुबह बिस्तर से गायब मिली परिजनों ने अपने स्तर पर काफी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा पुलिस ने मनीष कुमार की शिकायत पर छात्रा की गुमशुदगी का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# शहर थाना पुलिस ने 24 घंटों के अंदर ही जानलेवा हमला वारदात में शामिल एक आरोपी पर कसा शिकंजा



**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार एसपी पलवल डॉक्टर अंशु सिंगला के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस लगातार अपराधियों पर शिकंजा कस रही है इसी कड़ी में शहर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जानलेवा वारदात में शामिल एक आरोपी को 24 घंटों के अंदर ही गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस आरोपी को रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है। शहर थाना प्रभारी उप निरीक्षक सुरेश कुमार के अनुसार दिनांक 27 मार्च 2024 को वारदात में घायल कल्याण एन्क्लेव निवासी गुलाब उर्फ गुड्डू ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह पुरानी गाडियो की खरीद बेच का काम करता है। दिनांक 25.03.2024 को समय 6/7 बजे वह कमल कार श्रृंगार वाली गली मे अपनी स्कूटी से आया हुआ था जो वहां पर दो जनों की आपस में कहा सुनी हुई और दोनों पक्ष अपने अपने घर चले गये थे जो वह तथा अन्य कुछ लोग कमल की दुकान के आगे रास्ते पर खडे थे कि 2 मोटरसाईकिलों पर हाईवे की तरफ से 6 लडके आये जिनके हाथों में तलवार एवं देशी कट्टे थे। जो आते ही हमारी तरफ भागने लगे और एक लडका जिसके हाथ में देशी पिस्तोल थी ने गोली मेरी गर्दन में मारी व एक ने लिये कट्टा से मेरे सिर में बट मारा व सभी ने हमला/मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। शिकायत के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध आईपीसी की संबंधित धाराओ के तहत मामला दर्ज किया गया। प्रभारी थाना ने आगे बतलाया की मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी महोदया के कुशल निर्देशन में सहायक उप निरीक्षक प्रेम सिंह के नेतृत्व में गठित जांच इकाई ने दिनांक 27 मार्च 2024 को इस वारदात में शामिल कृष्णा कॉलोनी पलवल निवासी एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी से वारदात में प्रयुक्त हथियार बरामद करने हेतु आरोपी को आज पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा आरोपी से गहनता से पूछताछ जारी है मामले में फरार अन्य आरोपी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# न्यायमूर्ति ने भारत के लोकपाल के न्यायिक सदस्य के रूप में शपथ ली



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति रितु राज अवस्थी ने लोकपाल के न्यायिक सदस्य के तौर पर शपथ ली। भारतीय लोकपाल के अध्यक्ष, न्यायमूर्ति ए.एम. खानविलकर ने भी शपथ ग्रहण की। पंकज कुमार और अजय तिर्की ने भी लोकपाल सदस्य के रूप में शपथ ली। यह शपथ समारोह आज नई दिल्ली में भारतीय लोकपाल कार्यालय में आयोजित किया गया। नई नियुक्तियां दो वर्तमान न्यायिक सदस्यों न्यायमूर्ति पीके मोहंती और न्यायमूर्ति अभिलाषा कुमारी और तीन सदस्यों डीके जैन, श्रीमती अर्चना रामसुंदरम और महेंद्र सिंह ने 26 मार्च 2024 को लोकपाल में अपना कार्यकाल पूरा कर लिया है।

न्यायमूर्ति रितु राज अवस्थी, भारत के लोकपाल के न्यायिक सदस्य के रूप में शामिल होने से पहले भारत के 22वें विधि आयोग के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे। इससे पहले, वह कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे। पंकज कुमार गुजरात कैडर के 1986 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। भारत के लोकपाल के सदस्य के रूप में शामिल होने से पहले वह गुजरात के मुख्य सचिव थे। अजय तिर्की मध्य प्रदेश कैडर के 1987 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। भारत के लोकपाल के सदस्य के रूप में शामिल होने से पहले वह भारत सरकार के भूमि संसाधन विभाग के सचिव थे।

शपथ ग्रहण समारोह में केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त प्रवीण कुमार श्रीवास्तव और सीबीआई तथा प्रवर्तन निदेशालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# क्रू की एडवांस बुकिंग में नहीं दम, अब स्पॉट बुकिंग पर है भरोसा




**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** राजेश कृष्णन के डायरेक्शन में बनी क्रू तीन खुबसूरत एयर होस्टेस की कहानी है। तीनों तंगी में जी रही हैं। लेकिन इसी बीच तीनों को पैसा कमाने का मौका मिलता है। मामला थोड़ा पेचीदा और गैर कानूनी भी है। लिहाजा, कहानी में कॉमेडी का तड़का लगता है। सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर दर्शकों के दिल में चाहत देखी गई थी, लेकिन अफसोस कि यह रिलीज से पहले एडवांस बुकिंग में बदलती हुई नहीं दिख रही है।

**2500 स्क्रीन्स पर रिलीज हो रही क्रू**

क्रू को देशभर में करीब 2500 स्क्रीन्स पर रिलीज किया जा रहा है। जबकि इसे विदेशों में भी 1000 स्क्रीन्स पर रिलीज करने की तैयारी है। फिल्म का रनटाइम 2 घंटे, 3 मिनट और 32 सेकंड है। सेंसर बोर्ड ने फिल्म को / सर्टिफिकिट दिया है। लेकिन इसके साथ ही कैंची भी चलाई है।

**फिल्म की एडवांस बुकिंग**

गुरुवार दोपहर तक ओपनगिं डे के लिए क्रू की महज 79.88 लाख रुपये के टिकटों की एडवांस बुकिंग हुई है। देशभर में 4589 शोज के लिए हो रही एडवांस बुकिंग में अब तक सिर्फ 36 हजार 207 टिकटें बिकी हैं। हालांकि, अभी गुरुवार का आधा दिन बाकी है, इसलिए उम्मीद यही है कि शुक्रवार सुबह रिलीज से पहले तक यह फिल्म कम से कम 1 करोड़ रुपये की एडवांस बुकिंग जरूर कर लेगी।

**कितना कमाएगी तब्बू-करीना-कृति की क्रू**

क्रू में तब्बू, करीना कपूर खान और कृति सेनन के अलावा दिलजीत दोसांझ और कपिल शर्मा भी कैमियो रोल में हैं। फिल्म का बजट 50 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। एडवांस बुकिंग, गुड फ्राइडे की छुट्टी और फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्साह के स्तर को देखकर यही लगता है कि ओपनिंग डे पर क्रू देश में 6-8 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन कर लेगी। हालांकि, यदि फिल्म की तारीफ होती है और शाम-रात को दर्शकों की संख्या बढ़ती तो यह 9-10 करोड़ के आंकड़े को भी छू सकती है।(स्रोत: समाचार एजेंसी)

# शहर थाना पुलिस ने वर्ष 2020 के गोकशी मामले में फरार चल रहे भगोड़ा अपराधी पर कसा शिकंजा




**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार एसपी पलवल डॉक्टर अंशु सिंगला के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस लगातार अपराधियों पर शिकंजा कस रही है इसी कड़ी में शहर थाना पुलिस ने वर्ष 2020 के गोकशी मामले में फरार चल रहे भगोड़ा अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

शहर थाना प्रभारी उप निरीक्षक सुरेश कुमार के अनुसार दिनांक 27 मार्च 2024 को सहायक उप निरीक्षक प्रेम सिंह के नेतृत्व में गठित जांच इकाई ने वर्ष 2020 के गोकशी मामले में फरार चल रहे भगोड़ा अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी दिनांक 5 जनवरी 2020 को अपने अन्य 3 साथियों के साथ मिलकर ट्रक कन्टेनर न0 MH-01-CV-2391 6 टायरा में गोवंश को क्रूरता पूर्वक हाथ पैरों में रसिया बांधकर गोकशी करने की नीयत से अलीगढ़ यूपी से भरकर मेवात लेकर जा रहा था जिनको गौरक्षा दल पलवल के सदस्यों ने किडवाड़ी चौक पलवल पर रुकवा लिया था। सभी आरोपी उसे वक्त मौका से फरार हो गए थे। तलाशी में उक्त ट्रक कन्टेनर में 20 गाय 2 बछडे 2 साड व 4 गाय मृत जिनके पैर रसीयों से बधे हुऐ मिली थी। इस प्रकरण बारे सिविल लाइन पलवल निवासी शैलेंद्र की शिकायत के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध आईपीसी,गो संवर्धन अधिनियम एवं पशु क्रूरता अधिनियम की संबंधित धाराओ के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान बरामद उक्त कैंटर की नंबर प्लेट फर्जी पाई जाने पर अभियोग में धारा 420 आईपीसी भी जोड़ी गई। माननीय अदालत ने आरोपियों के फरार के चलते दिनांक 19 नवंबर 2022 को आरोपियों को भगोड़ा अपराधी (PO) करार कर दिया था। प्रभारी थाना ने आगे बतलाया की मामले में शामिल फिरोजपुर नमक थाना सदर जिला नूह निवासी गिरफ्तार उपरोक्त आरोपी को आज पेश अदालत किया जाएगा। आरोपी से गहनता से पूछताछ जारी है मामले में फरार अन्य आरोपी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# मौनी ने तोड़ा दूसरी हसीनाओं का गुमान





**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** नागिन सीरियल की ये एक्ट्रेस जितनी माहिर अपनी अदाएं दिखाने में है, उतना ही पक्का हाथ इनका फैशन में भी है। चाहे सूट हो, साड़ी हो या फिर वेस्टर्न वियर ही क्यों न हो, ये बंगाली सुंदरी हर आउटफिट में इतनी बढ़िया जचती है कि कोई भी अपना दिल हार जाए। ऐसा ही दिल की धड़कनों को बढ़ाने वाला लुक मौनी का तब देखने को मिला, जब वो अजियो ग्राज़िया के यंग फैशन अवार्ड 2024 में पहुंची। जालीदार टॉप में मौनी का रूप इतना खिलकर आ रहा था कि दूसरी हसीनाएं भी इनके सामने फीकी नजर आने लगी। एक और जहां इस अवॉर्ड शो में कई एक्ट्रेस गाउन या मिनी ड्रेस में आई थीं। वहीं मौनी रॉय अपने इस खूबसूरत आउटफिट में कहर ढाती दिखीं। इस ड्रेस में मौनी की स्लिम बॉडी फ्रेम शो हो रहा था। इस बाला ने अपने ऑल ब्लैक लुक को इतने बखूबी से स्टाइल किया था कि मिनिमल मेकअप के साथ इस हसीना के अपने ऑवरोल लुक में चार-चांद लगा दिए।

**अपर पोर्शन का डिजाइन था थोड़ा हटके**

मौनी का ये ऑल ब्लैक लुक वाकई बहुत ही ज्यादा ग्लैमरस था। बंगाली की सुंदरी की इस मैक्सी ड्रेस का सबसे अट्रैक्टिव पार्ट इसका अपर पोर्शन था, जिसमें ट्युल फैब्रिक पर बहुत ही खूबसूरती से फ्लोरल एप्लिक वर्क किया गया था। स्लीवलेस वाली इस ड्रेस की नेकलाइन को ब्रॉड रखा गया था। साथ ही इसका अपर पोर्शन थाई तक लॉन्ग था, जो स्कर्ट के स्लिट कट से विजिबल हो रहा था।(स्रोत: समाचार एजेंसी)

# डीसी ने खेतों में जाकर गिरदावरी के मिसमैच डाटा का किया निरीक्षण

## निरीक्षण के दौरान राजस्व अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

**समाचार गेट/सतीश खतरी**

**तोशाम/बहल/लोहारू।** उपायुक्त नरेश नरवाल ने वीरवार को गांव तोशाम के गांव पटौदी तथा लोहरू उपमंडल के गांव गोकुलपुरा व लोहारू के खेतों में पहुंचे। उन्होंने वहां पर रबी फसल-2024 की गिरदावरी के मिसमैच डाटा का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि राजस्व, कृषि विभाग के अधिकारी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर फसलों की सही ढ़ंग से गिरदावरी करें ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। कोई भी फसल मिसमैच न हो।

उपायुक्त श्री नरवाल ने तोशाम क्षेत्र के गांव पटौदी के खेतों में एसडीएम मनोज कुमार, तहसीलदार अंकित बेनीवाल तथा संबंधित कानूनगों व पटवारियों से गांव पटौदी, गारनपुरा तथा ढ़ाणी माहू का कुल रकबा सरसों बिजाई का कुल रकबा तथा गेहूं व अन्य फसलों की गिरदावरी की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कुल सरसों का एरिया कितना है, मिसमेच कितना एरिया है। डीसी ने सजरा व ई-गिरदावरी एवं टैब में सभी का मिलान किया। उन्होंने किसानों से भी उनकी फसलों की गिरदावरी बारे विस्तार से जानकारी ली।




उन्होंने गांव गोकुलपुरा के खेतों में जाकर रबी फसल-2024 में सरसों, गेहूं तथा अन्य फसलों की गिरदावरी का मिलान किया। एसडीएम अमित कुमार, तहसीलदार विक्रम सिंह, नायब तहसीलदार गौरव तथा नायब तहसीलदार संजय शर्मा सहित संबंधित गांवों के कानूनगों व पटवारियों से गहनता से रबी फसल की गिरदावरी की जानकारी ली और मिसमैच फसलों का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने लोहारू तथा टोडा ढ़ाणी के खेतों में जाकर रबी फसलों की मिसमैच गिरदावरी की गहनता से जांच पड़ताल की।

इस अवसर पर कानूनगो सुखबीर सिंह, कानूनगो नारायण सिंह, पटवारी राजेश दहिया, दिनेश सहित संबंधित गांवों के राजस्व कर्मचारी मौजूद थे।

**आवश्यक सूचना**

समाचार गेट का इस समाचार पत्र में मुद्रित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि अवश्य कर लें।






# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दूधौला में जन्मजात रोगों से बचाव व उपचार विषय पर आशा कार्यकर्ताओं व स्टाफ नर्सों को प्रशिक्षण दिया

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** डिप्टी सिविल सर्जन एवं नोडल अधिकारी डॉ.रामेश्वरी के नेतृत्व में आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता एसएमओ डॉ.संतोष ने की। कार्यशाला में डॉ.रामेश्वरी ने कहा कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इस मार्च महीने को राष्ट्रीय जन्म दोष जागरूकता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हर साल तीन मार्च को विश्व जन्म दोष दिवस के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत निवारक उपायों और उपचार विकल्पों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूक करना जरूरी है। डॉ.प्रीति गर्ग ने कहा कि करीब छह प्रतिशत बच्चे किसी न किसी प्रकार के जन्म दोष के साथ पैदा होते हैं। बच्चों में होने वाले जन्मजात हृदय दोष, क्लब फुट, क्लेफ्ट लिप एंड क्लेफ्ट पेलेट, न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट,




रीढ की हड्डी में फोड़ा होना, जन्मजात बहरापन व अंधापन, समय से पहले रेटिनोपैथी, डाउन सिंड्रोम तथा डेवलपमेंटल डिस्प्लेशिया आफ हिप (डीडीएच) और अन्य जन्म दोष शामिल हैं। डॉ.रवि विहान ने बताया कि आरबीएसके कार्यक्रम द्वारा प्रदान की जाने वाली प्रारंभिक जांच, निदान व समय पर रेफरल, हस्तक्षेप व उपचार के महत्व की जानकारी होनी आवश्यक है। एक सक्रिय दृष्टि अपनाते हुए किसी भी बच्चे के जीवन में शुरुआती जन्म दोषों की पहचान कर उसका समाधान किया जा सकता है।

# गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज में पांच दिवसीय फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू किया गया

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** कार्यक्रम में हिंदी, अंग्रेजी, कंप्यूटर,वाणिज्य, वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान व गणित के प्राध्यापकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का विषय सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के शिक्षण कौशल पर प्रस्तुति करना, इंटरनेट का उपयोग करके यू-ट्यूब के माध्यम से वीडियो को शेयर करना सीखना, इलेक्ट्रॉनिक ब्रोशर एवं फ्लायर्स का निर्माण करना, इलेक्ट्रॉनिक सर्टिफिकेट को तैयार करना, गूगल ऐप को समझना व सीखना रहा। कार्यक्रम के संयोजक कंप्यूटर विभाग के विभागाध्यक्ष पवन मुखीजा ने इंटरनेट के माध्यम से यू-ट्यूब द्वारा वीडियो को शेयर करने विषय पर चर्चा की।



उन्होंने सभी प्राध्यापकों को यूट्यूब के जरिए अपना चैनल बनाने व वीडियो अपलोड करने की जानकारी दी। सभी प्राध्यापकों व्यावहारिक सत्र में अपना एक यूट्यूब चैनल बनाया। कंप्यूटर विभाग की प्राध्यापक डॉ.भावना, कनिका व कंचन ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के विषय पर चर्चा की। कॉलेज प्राचार्य नरेश कुमार कामरा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने बताया कि अब हमें आधुनिक तकनीक को अपनाकर विद्यार्थियों का पढ़ाई की तरफ रुझान बढ़ा सकते हैं। अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सत्यवीर सिंह सैनी प्राध्यापकों को नई तकनीक सीखने के लिए प्रेरित किया।

# पुलिस महानिरीक्षक, दक्षिण रेंज रेवाडी ने जिला पलवल में लंबित बरामद 109 मादक पदार्थ मदों का किया औचक निरीक्षण



**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय पुलिस अधीक्षक पलवल से प्राप्त जानकारी अनुसार आज दिनांक 28 मार्च 2024 को जिला पलवल पुलिस द्वारा नशीले पदार्थो की बरामदगी के औचक निरीक्षण करने के लिए श्री राजेंद्र कुमार भा0पु0से0, पुलिस महानिरीक्षक, दक्षिण रेंज रेवाडी महिला थाना पलवल पहुंचे जहां आईजी साहब का जिला पलवल पहुंचने पर एसपी महोदया डॉक्टर अंशु सिंगला द्वारा स्वागत किया गया। तदोपरांत आईजी साहब ने जिला पलवल में बरामद कुल 109 लंबित मदो से संबंधित मादक पदार्थ मदों का निरीक्षण किया जो ठीक प्रकार से पाया गया।

गौरतलब है कि इन लंबित 109 मदों में करोड़ों रुपए के मादक पदार्थ गांजा, सुल्फा,स्मेक,डोडा पोस्त, अफीम वगैरा एवं भारी मात्रा में प्रतिबंधित एवं नशीली कफ सिरप शामिल है। श्रीमान आईजी साहब ने अपनी मौजूदगी में इलैक्ट्रोनिक कांटा से मदों का वजन चैक कराया। डॉक्टर अंशु सिंगला पुलिस अधीक्षक पलवल के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा मादक पदाथों की बरामदगी बारे आईजी साहब ने सराहना की। जिला पुलिस द्वारा अब तक करोड़ों रुपए के मादक पदार्थों को सेक्टर 37 गुरुग्राम की कंपनी में उच्च अधिकारियों की निगरानी में नष्ट कर दिया गया है।


निरीक्षण के दौरान डॉक्टर अंशु सिंगला पुलिस अधीक्षक पलवल, श्री नरेश कुमार उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय पलवल, श्री नरेंद्र खटाना,उप पुलिस अधीक्षक पलवल, प्रवाचक आईजी साहब के अलावा संबंधित अन्य अधिकारी वा कर्मचारी उपर्सथित रहे। इससे पूर्व आईजी महोदय ने लघु सचिवालय स्थित सभागार कक्ष में लोकसभा चुनाव मध्य नजर डॉक्टर अंशु सिंगला पुलिस अधीक्षक पलवल,उपायुक्त महोदया श्रीमती नेहा सिंह सहित जिला के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# लोकसभा चुनाव को लेकर जिला उपायुक्त नेहा सिंह ने जिला के तमाम अधिकारियों के साथ बैठक कर जरूरी दिशा निर्देश दिए





**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**


**पलवल।** जिला में इस बार 691 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे और 6 लाख 81 हजार 870 वोटर अपने मत का प्रयोग करेंगे। फरीदाबाद लोक सभा चुनाव में इस बार ज़िला के 6 लाख 81 हजार 870 वोटर लोकसभा चुनाव में वोट डालेंगे। जिला पलवल में 3 लाख 65 हजार 434 पुरुष, 3 लाख 16 हजार 400 महिलाएं व 36 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। इनमें से 10 हजार 336 मतदाता 18 से 19 वर्ष तथा 1 लाख 57 हजार 742 मतदाता 20 से 29 वष्र आयु वर्ग के हैं। इसके अलावा 80 से 99 वर्ष आयु वर्ग के 13 हजार 771 और 100 वर्ष से अधिक के 215 मतदाता हैं। वहीं जिला सर्विस मतदाता की संख्या 4 हजार 433 है। उपायुक्त ने सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनावों को लेकर चुनाव आयोग द्वारा जारी की गई हिदायतों को ध्यान में रखा जाए। जिले में मतदान के प्रति आमजन को जागरूक किया जाएगा। जिला में शिक्षा विभाग की तरफ से बच्चों को अपने अभिभावकों से मतदान करवाने की प्रेरणा देने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। अभिभावक वोट डाल कर आएंगे तो उनकी उंगली पर लगी नीली लकीर के साथ बच्चे फोटो खिंचवाएंगे। इन फोटो को चुनाव आयोग के सी-विजिल एप पर अपलोड किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन मतदान केंद्रों पर 1500 से अधिक वोटर हैं, वहां उप मतदान केंद्र बनाए जा रहे हैं।










# स्वतंत्र व निष्पक्ष रूप से चुनाव करवाना पुलिस एवं सिविल प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : राजेंद्र कुमार

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**




**पलवल।** सभी अधिकारी व कर्मचारी आदर्श चुनाव संहिता का पालन करें तथा आगामी 25 मई को होने वाले लोक सभा चुनाव को पूरी तरह से निष्पक्ष व स्वतंत्र रुप से करवाने के लिए तैयारियों में जुट जाएं तथा चुनाव से संबंधित सभी कार्य शीघ्र पूरा करें। चुनाव आयोग के निर्देशो की दृड़ता से पालना करें तथा मांगे गए जबाव को निर्धारित समय अवधि में संबंधित अधिकारियों को भेजना सुनिश्चित करें । उक्त निर्देश श्री राजेंद्र कुमार भा0पु0से0, पुलिस महानिरीक्षक, दक्षिण मंडल रेवाडी ने लघु सचिवालय पलवल स्थित सभागार कक्ष में जिला प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर दिए । इस अवसर पर उन्होंने निर्देश दिए कि अवैध हथियार रखने, अवैध शराब विक्रेताओं, रुपयों द्वारा वोटों की खरीद-फरोक्त करने वालों व उद्घघोषित/जमानत तर्क, अति वांछित अपराधियों पैरोल जंपर अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाये। उन्होंने लाइसेंसी हथियार धारकों से उन्हें चुनाव परिणाम आने तक अपने हथियार थाने/गन हाउस में जमा कराने के लिए कहा। इस बैठक में आईजी महोदय ने चुनाव के दौरान किए जाने वाले सुरक्षा प्रबंधों की जानकारी ली और समीक्षा उपरांत जरुरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला के साथ लगती उत्तर प्रदेश सीमा पर पूरी चौकसी बरते तथा नियमित नाकों के अलावा संयुक्त नाकाबंदी कर आने जाने वाले वाहनों तथा व्यक्तियों पर पैनी नजर रखें। आदतन अपराधियों की हिस्ट्री सीट खोलें तथा उनकी दैनिक गतिविधियों पर पैनी नजर रखें। उन्होंने कहा कि आगामी 25 मई को होने वाले लोक सभा चुनाव को पूरी तरह निष्पक्ष व स्वतंत्र रुप से करवाना पुलिस एवं सिविल प्रशासन का दायित्व है। इस बैठक में डॉक्टर अंशु सिंगला पुलिस अधीक्षक पलवल, उपायुक्त महोदया श्रीमती नेहा सिंह सहित जिला के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# हिंदू विद्या निकेतन विद्यालय नूंह में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**




**नूंह।** गुरुवार को विद्या भारती से सम्बद्ध हिंदू शिक्षा समिति द्वारा संचालित हिंदू विद्या निकेतन विद्यालय नूंह में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ कार्यक्रम अध्यक्ष कुंदन लाल द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा सरकार के राज्य मंत्री कुंवर संजय सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में अशविनी कुमार गुप्ता प्रांत कार्यकारिणी सदस्य, कुरुक्षेत्र उपस्थिति रहे । कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रतिमा मनचंदा शहर प्रांत कार्यवाही का राष्ट्र सेविका समिति द्वारा वर्तमान समय में विद्यालय की भूमिका एवं समाज में बढ़ रही कुरीतियों को सही करने का एक मध्य विद्यालय परिवार बताया गया एवं इसमें अभिभावक छात्र आचार्य भैया बहन सभी की भूमिका परस्पर किस तरह से सामूहिक कार्य एवं परिणाम के रूप में प्रशिक्षित हो सकती है इस संबंध में सभी को मार्गदर्शित किया गया।

कार्यक्रम में छात्र - भैया बहनों द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण किया गया। जिसमें सामूहिक नृत्य, एकल नृत्य, संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने हेतु संस्कृत भाषा नाटक मंचन एवं अनेक मनमोहक प्रस्तुतियां दी गयी कार्यक्रम में छात्र - भैया बहनों को उनके इस वर्ष के परीक्षा परिणाम की सफलता के आधार पर पुरस्कृत भी किया गया व वर्ष भर की अन्य गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए अन्य गतिविधियों में अच्छा प्रदर्शन करने हेतु भी पुरस्कृत किया गया कार्य्रकम में अभिभावकों भैया बहनों एवं गणमान्य व्यक्तियों का भी पूर्ण समय प्राप्त हुआ।

विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा वृत निवेदन के माध्यम से अभिभावकों व समाज को इस वर्ष में विद्यालय द्वारा प्राप्त की गयी उपलबधियों एवं आगामी योजना के बारे में अवगत कराया इस अवसर पर नरेन्द्र पटेल जिलाध्यक्ष भाजपा, हिंदू विद्या निकेतन व हिंदू विद्या माध्यमिक विद्यालय समस्त प्रबंध समिति व समस्त हिन्दू विद्या निकेतन स्टाफ मौजूद रहा।

# आफताब अहमद पहुंचे अनाज मंडी, किसानों की फसल खरीद में देरी पर सरकार घेरा

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**



**नूंह।** कांग्रेस विधायक एवं सीएलपी उपनेता आफताब अहमद ने अनाज मंडी नूंह का दौरा किया। गुरुवार को अपने दौरे के दौरान आफताब अहमद ने मार्केट कमेटी के अधिकारियों तथा किसानों के साथ-साथ आढ़तियों से सरसों की फसल खरीद को लेकर बातचीत की। अनाज मंडी के हालात देखकर तथा सरसों की सरकारी खरीद शुरू नहीं होने पर कांग्रेस विधायक ने भारतीय जनता पार्टी को जमकर घेरा।

विधायक आफताब अहमद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का किसानों के प्रति जो दोहरा चरित्र है। इसका जीता जागता उदाहरण सबके सामने हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं तावडू अनाज मंडी में आते हैं। सबसे पहले तो 3 दिन के लिए अनाज मंडी में मंडी ही बंद कर दी जाती है ताकि किसान अपनी फसलों को लेकर न पहुंचे। आचार संहिता लगने के बाद उसका उल्लंघन होता है और मुख्यमंत्री भाषण देते हैं कि 26 मार्च से सरसों की सरकारी खरीद शुरू कर देंगे।

उन्होंने कहा कि हम दावे के साथ कह सकते हैं कि मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी की आदत हो गई है कि वह लोगों को बरगलाने का, झूठ बोलने का काम करती है। नूंह जिले में तावडू, पुनहाना, फिरोजपुर झिरका, नूंह में अभी तक किसान का एक दाना भी सरसों का सरकारी खरीद नहीं हुआ है। प्राइवेट खरीद सरसों की कि जा रही है। नई अनाज मंडी में अब तक 10000 क्विंटल सरसों की आवक हो चुकी है। जिसमें से ज्यादातर सस्ते दामों में आढ़तियों के द्वारा खरीदी गई है। उन्होंने कहा कि हमने विधानसभा में भी यह बात उठाई थी कि समय रहते आप झूठी घोषणाएं और वाहवाही को छोड़कर समय पर खरीदारी करनी चाहिए। किसानों के साथ धोखा होता है, जब किसानों के फसल तैयार हो जाती है तो उसकी खरीद समय पर शुरू नहीं होती। विवश होकर किसान 1000 - 1200 प्रति क्विंटल सस्ती बेचने को विवश हो जाता है। आज भी यह सरकार अपने झूठ के सामने किसी की सुनने को तैयार नहीं है।

मुख्यमंत्री को जवाब देना चाहिए कि उनकी बात में कोई दम नहीं है या सिर्फ घोषणाएं महज अपने लोकप्रियता के और वोट के लिए करते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री तथा नवनियुक्त कृषि मंत्री ने भी सरसों खरीद को लेकर लंबा चौड़ा बयान मीडिया में दिया था, लेकिन एक दाना भी नहीं खरीद हुआ। इनकी झूठ की पोल खुल गई है। किसानों, व्यापारियों, अधिकारियों सबसे बात की है। लेकिन किसी ने नहीं कहा कि एक दाना भी यहां सरकारी रेट पर खरीदा गया है। किसानों के प्रति इनका कोई लगाव नहीं है। किसानों के साथ बदतमीजी, पिटाई की और किसान आंदोलन में 750 किसान शहीद हो गए। आज भी किसानों के प्रति कोई हमदर्दी नहीं है। सिर्फ झूठी वाहवाही के लिए यह काम करते हैं।

आफताब अहमद ने कहा कि एमएसपी की जो घोषणा की थी 5650 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से की थी और किसानों ने 4200 - 4300 से लेकर 4700 रुपए प्रति क्विंटल तक सरसों बेची है, जिसको प्राइवेट आढ़तियों ने खरीदा है। आफताब अहमद ने कहा कि सरसों को लुटवाकर किसान मजबूरी में चला गया। आफताब अहमद ने कहा कि जो फसलों की सरकारी खरीद की बात है वह दुर्भाग्य की बात यह है कि मेवात में कहा जाता है खरीदेंगे, लेकिन नहीं खरीद होती। यहां सरकारी खरीद जब शुरू होती है जब 90 फ़ीसदी किसान अपनी फसल को बेच देता है। आफताब अहमद ने कहा कि सरकार इसको लेकर गंभीर नहीं है।

किसानों के साथ मजाक किया जा रहा है। 15000 क्विंटल की आवक हर बार होती है और अब तक 10000 क्विंटल बिना सरकारी खरीद आवक हो चुकी है तो अब आप अंदाजा लगा लो कि चंद किसान ही बचे हैं, जिन्होंने अपनी फसल नहीं बेची है। उन्होंने कहा कि जो सुविधाओं की बात की जाती है। बिजली, पानी, शौचालय वह भी यहां पर देखने को नहीं मिल रहा है। सरकार किसानों से अपना बदला ले रही है। किसानों ने आंदोलन किया था। अपनी एमएसपी के लिए आंदोलन किया था। अपने हक के लिए आंदोलन किया था। आज भी किसानों की वजह से कहीं तार और कील सड़कों पर लगा दिए गए। कहीं रास्ते बंद कर दिए ताकि किसान अपनी एमएसपी की मांग न कर सके। आफताब अहमद ने कहा कि अगर किसान के इतने हितैषी हैं तो इन्होंने ऐलान करने के बाद सरकारी खरीद क्यों शुरू नहीं करी। जब इनको 1 अप्रैल से शुरू करनी थी तो 26 मार्च से खरीद का दावा क्यों किया।

# तावडू खंड के गांव भंगोह की पंचायत भूमि से हटवाया गया अवैध कब्जा, मौके पर भारी पुलिस बल रहा तैनात



**इस मामले में ग्रामीणों का कब्जाधारियों से हो चुका है विवाद, 25 लोगों पर केस दर्ज**

**खबर छपी तो हरकत में आया प्रशासन, बीडीपीओ पर था कब्जाधारियों से मिलीभगत का आरोप।**


**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** तावडू खंड के गांव भंगोह की पंचायत भूमि पर हुए अवैध कब्जा को प्रशासन द्वारा गुरुवार को हटवाया गया है। इस दौरान मौके पर सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल की तैनाती की गई थी। मामला काफी लंबे समय से अटका हुआ था, जिसके बाद जिला प्रशासन ने मामले में संज्ञान लेते हुए गुरुवार को जमीन कब्जा मुक्त कराकर पंचायत को सौंप दी गई। अधिकारियों के मुताबिक कब्जा तो पहले ही खाली करना था, लेकिन बीच में होली की छुट्टियां होने से कार्रवाई नहीं हो पाई। ग्राम पंचायत भंगोह की 22 एकड़ पंचायती भूमि को कब्जा मुक्त करने को लेकर जिला उपायुक्त ने डेढ़ महीने पहले आदेश जारी किए थे। लेकिन स्थानीय प्रशासन अवैध कब्जाधारियों के दबाव और मिलीभगत के चलते भूमि से कब्जा नहीं हटवा पा रहा है। के इस मामले में दोनों गांवों के लोगों में गत 21 मार्च को विवाद हो चुका है। जिसमे मारपीट तक हो चुकी है। जिसमें पुलिस ने कब्जाधारियों की शिकायत पर सरपंच के परिवार सहित 25 लोगों पर केस भी दर्ज किया। सरपंच और ग्रामीणों ने इस मामले को तावडू ब्लॉक समिति के अध्यक्ष के दबाव में केस दर्ज होना बताया है। इसके साथ ही इस विवाद का मुख्य कारण प्रशासन की लापरवाही बताया जा रहा है। यदि प्रशासन समय रहते कार्रवाई कर देता तो दोनों गांवों के ग्रामीणों में कोई विवाद नहीं होता।


गांव की सरपंच साकिबा ने बताया कि गांव भंगोह में करीब 22 एकड़ पंचायत की जमीन पर फारुक पुत्र फौजी, कासिम पुत्र फारुक ,हबीब पुत्र हुसैन ,इकबाल और सफी पुत्र हबीब निवासी चाहलका ने काफी दिनों से कब्जा किया हुआ है। जिसमें उक्त लोग फसल बुवाई का कार्य करते है। सरपंच ने बताया कि उन्होंने करीब 9 महीने पहले हल्का गिरदावर से निशानदेही कराकर कब्जा लिया था। लेकिन उक्त सभी लोगों ने जमीन की पेमाइस के सभी पत्थर उखाड़ कर फेंक दिए और जमीन पर ट्रैक्टर चलाकर फसल बुवाई कर दी। इस पूरे मामले की शिकायत उन्होंने एसडीएम तावडू को भी दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिससे बाद नूंह जिला उपायुक्त को शिकायत भेजी गई। सरपंच साकिबा ने बताया कि डीसी ने कई बार पंचायत जमीन को कब्जा मुक्त करने के लिए दोषियों को नोटिस दिए, लेकिन जमीन से कब्जा नहीं हटाया गया। जिसके बाद तावडू बीडीपीओ सुरजीत ने गत 21 मार्च को उन्हें कब्जे वाली जमीन पर भेज दिया और जमीन से कब्जा हटवाने का आश्वासन दिया था। लेकिन काफी देर की जाने के बाद भी बीडीपीओ सुरजीत मौके पर नहीं पहुंचें और दोनों गांवों के ग्रामीणों में विवाद हो गया। सरपंच का आरोप है कि तावडू ब्लॉक समिति अध्यक्ष के इशारे पर बीडीपीओ सुरजीत वहां नहीं पहुंचा और बाद में पुलिस ने उल्टा उनके ऊपर ही मारपीट सहित विभिन्न धाराओं का तहत मुकदमा दर्ज कर दिया। जबकि उनके लोगों को भी काफी चोटे आई हैं। ग्रामीणों ने कहा कि इस मामले को लेकर जल्द ही नूंह पुलिस अधीक्षक से मिलकर न्याय की मांग करेंगे। वही खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सुरजीत ने कहा कि जिला प्रशासन के आदेश पर कब्जा हटवा दिया गया है। मौके पर सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल तैनात किया गया था।

# डॉ अशफाक आलम को एक वर्ष पुराने मामले में मेवात कारवाँ आफिस से गिरफ्तार

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**



**नूंह।** मेवात के मशहूर एवम प्रसिद्ध समाजसेवी, मानव अधिकार रक्षक, मेवात कारवाँ जनसंगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अशफ़ाक़ आलम को एक वर्ष पुराने मामले में फ़िरोज़पुर झिरका की पुलिस ने मेवात कारवाँ आफिस से गिरफ्तार कर थाने ले गई। ज्ञात हो कि एक वर्ष पूर्व राजस्थान भरतपुर ज़िला के घाटमिका गांव के नासिर - जुनैद की हत्या कथित गौ रक्षकों ने की थी । नासिर, जुनैद की हत्या में शामिल लोगों की गरफ्तारी में हो रही देरी को देखते हुए मेवात कारवां जनसंगठन की तरफ से 23 फरवरी 2023 को फ़िरोज़पुर झिरका में एक विशाल प्रदर्शन किया गया था और क़ातिलों की गिरफ्तारी के लिए तहसीलदार के माध्यम से एक मेमोरेंडम भी दिया गया था। मेमोरेंडम देने के बाद अचानक के भीड़ बहुत बढ़ गई जिस से फिरोजपुर झिरका के अम्बेडकर चौक के पास कुछ देर के लिए सड़क जाम हो गया जबकि किसी प्रकार की कोई चिंताजनक घटना नही घाटी । उसी रोड़ जाम करने और सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप के साथ फ़िरोज़पुर झिरका सिटी थाने में एफ आई आर नंबर 68 डॉ अशफ़ाक़ आलम एवं 600 अन्य के खिलाफ दर्ज हुई। इस प्रदर्शन के बाद धीरे धीरे नासिर - जुनैद के सभी प्रमुख क़ातिलों को गिरफ्तार कर लिया गया था। उसी मामले में आज डॉ अशफ़ाक़आलम की गिरफ्तार किया गया। संपर्क करने पर डॉ आलम ने बताया कि पुलिस गिरफ्तार करके थाने ले गई और बयान दर्ज कराने के बाद थाने में ही हमारे ज़मानत की अर्जी को स्वीकार कर ज़मानत देदी गई। डॉ अशफ़ाक़ने इस अवसर पर कहा कि हम मेवात के अहम मुद्दों और मानव अधिकारों के लिए संविधान के दायरे में संघर्ष करते रहेंगे चाहे मुझे बार बार जेल जाना पड़े।







# भाजपा कार्यालय नूंह पहुंचे नवनियुक्त मंत्री संजय सिंह : कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हरियाणा सरकार में नवनियुक्त खेल राज्य मंत्री व सोहना से विधायक संजय सिंह का भाजपा कार्यालय नूह में जोरशोर से स्वागत हुआ। मंत्री बनने के बाद पहली बार नूह आए संजय सिंह ने भाजपा जिला नूह कार्यालय पर कार्यकर्ताओ से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि पूरे जिले में धीमी गति से चल रहे विकास कार्यों को पूरा करवाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। इसके लिए प्रशासनिक अधिकारी भी गंभीरता से कार्य करें और तालमेल के साथ जनसुविधाओं को जल्द से जल्द पूरा करें। उन्होंने जनता का शुक्रियादा करते हुए कहा कि आज मैं जिस मुकाम पर हूं वह सिर्फ जनता के विश्वास और प्यार की वजह से ही हुआ है। यहां हिंदू और मुसलिम एकता से राव इंद्रजीत सिंह को भारी मत मिलेंगे । जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि संजय सिंह को मंत्री बनने पर माननीय मुख्यमंत्री सहित हाई कमान का आभार प्रकट करते हैं। और आज पूरे जिले के कार्यकर्ताओ मैं खुशी का माहौल है। चेयरमैन जाहिद हुसैन ने कहां की तीसरी बार मोदी सरकार केंद्र में बनने जा रही है। नूह जिले से भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह को भारी संख्या में वोट मिलेंगे। जिले में राव इंद्रजीत सिंह को लेकर लोगों में बहुत उत्साह और अच्छा माहौल है। भाई संजय के मंत्री बनने से जिले में खुशी का माहौल है। राव इंद्रजीत सिंह हिंदू मुसलिम एकता के प्रतीक है और सबको समान मानते हैं। इसी सिलसिले मे लगातार दूसरों दलों से आकर नेता भाजपा का दामन थाम रहे हैं। आज कांग्रेस नेता जफरुद्दीन बाघोडिया और पंचायत समिति के वाइस चेयरमैन फतेह मोहम्मद ने जाहिद हुसैन की अगुवाई में भाजपा जिला कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा। राज्य मंत्री संजय सिंह ने पटका डालकर स्वागत किया और जिला अध्यक्ष भाजपा ने दोनों का माला पहनाकर स्वागत किया और पार्टी में पूरा सम्मान देने की बात कही। इस मौके पर इस मौके पर जिला महामंत्री श्रीपाल शर्मा, बंटी, जिला परिषद के अध्यक्ष जान मोहम्मद, जिला उपाध्यक्ष दलवीर, राजकूमार,अरुण सिंह, जिला सचिव ममता कौशिक, मंडल अध्यक्ष हेमराज, नदीम खान प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी, जतिन आईटी प्रमुख, युवा मोर्चा केशव, सारिक सहित पार्टी के सम्मानित कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# दिल्ली-मुंबई एक्सप्रैस वे पर डिवाइडर से टकराई ईको स्पोट्स कार चार की मौत, तीन घायल

**दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस पर तेज रफ्तार का कहर**

**दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं से लोगों में रोष**

**दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे अब तक ले चुका है, दर्जनों लोगों की जान**





**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूंह जिले के झिमरावट गांव के पास दिल्ली – मुंबई एक्सप्रैस वे पर तेज रफ्तार ईको स्पोट्स कार डिवाइडर से टकरा गई, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। मृतक एक ही परिवार के रहने वाले हैं। जानकारी के मुताबिक एक ही परिवार के सात लोग ईकोस्पॉट गाड़ी में सवार होकर उत्तर प्रदेश के मेरठ से उज्जैन जा रहे थे । जैसे ही वह मेवात जिले के झिमरावट गांव के पास पहुंचे तो दिल्ली – मुंबई एक्सप्रेसवे पर गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई । दुर्घटना इतनी भयानक थी की डिवाइडर से टकराने के बाद कार ने कई कला खाई । दुर्घटना की सूचना पाकर पिनगवां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया व मृतकों को पोस्टमार्टम के लिए अल आफिया हॉसपिटल में मोर्चरी में रखवाया। जांच अधिकारी बाबूलाल ने बताया कि हमें जैसे ही सूचना मिली हम घटनास्थल पर पहुंचे। जहां पर संभव, आयुश, दीपांसु, आंचल चार लोगों की मौत हुई पाई गई और तीन लोग घायल मिले। परिजनों को सूचना दे दी गई है। उनके आते ही पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के हवाले कर दिए जाएंगे । उन्होंने बताया कि कार की हाई स्पीड होने के कारण यह हादसा हुआ है।

# अधिकारी, कर्मचारी चुनाव प्रचार से बनाकर रखें दूरी : धीरेंद्र खडग़टा

## टीमवर्क व तालमेल बनाकर सभी विभाग करें चुनाव संबंधी कार्य

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खडग़टा ने जिला के अधिकारियों व कर्मचारियों से लोकसभा चुनाव-2024 के दौरान आदर्श आचार संहिता की दृढ़ता से अनुपालना करने की अपील की है। चुनाव की घोषणा के साथ ही देशभर में आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी लोकसभा आम चुनाव के दौरान चुनाव प्रचार में संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों अनुरूप आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**नए विकास कार्य नहीं किए जा सकते शुरू**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने इंजीनियरिंग संबंधी विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए बताया कि आदर्श चुनाव आचार संहिता प्रभावी होने की तिथि के बाद कोई भी नया कार्य आरंभ न करें। जो कार्य धरातल पर पहले से शुरू हैं, वे जारी रहेंगे।

**सरकारी विश्राम गृहों का नहीं कर सकते उपयोग**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिला के सभी अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि विश्राम गृहों में कोई भी राजनीतिक गतिविधियां न हो। न ही उनकी पूर्व स्वीकृति के बिना विश्राम गृहों की बुकिंग की जाए। इसी प्रकार शिक्षण संस्थानों व धार्मिक स्थलों को भी चुनाव प्रचार के संबंध में प्रयोग नहीं किया जा सकता।

सभी अधिकारी व कर्मचारी अब चुनाव आयोग के अधीन करेंगे कार्य

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि अब पूरी सरकारी मशीनरी भारत निर्वाचन आयोग की प्रतिनियुक्ति पर है और अधिकारियों व कर्मचारियों की भारत निर्वाचन आयोग के प्रति पूर्ण जवाबदेही है। जिला में लोकसभा आम चुनाव का कार्य एक टीम भावना से पूरा करना होगा। लोकसभा आम चुनाव में जिला के प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी का कार्य अपनी जगह बेहद महत्वपूर्ण है। अगर टीम में पूर्ण तालमेल बना रहता है तो कोई भी कार्य मुश्किल नहीं होता।

**बिना अनुमति नहीं लगा सकते संदेश, होर्डिंग्ज, पोस्टर, वाल पेंटिंग**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आदर्श चुनाव आचार संहिता के दौरान किसी भी सरकारी व अर्ध सरकारी एवं निजी सम्पत्ति पर किसी प्रकार का कोई भी राजनीतिक संदेश, होर्डिंग्ज, पोस्टर, वाल पेंटिंग आदि नहीं लगाई जा सकती है। दी हरियाणा प्रिवेंशन ऑफ डिफेसमेंट आफ प्रॉपर्टी एक्ट, 1989, संशोधित अधिनियम 1996 के अनुसार ऐसा करना अपराध है। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने की हिदायत दी है कि उनसे संबंधित विभागीय सम्पत्ति पर कोई राजनीतिक होर्डिंग, पोस्टर, वॉल पेंटिंग आदि ना लगे। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा पाया जाता है तो यह दी हरियाणा प्रिवेंशन आफ डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट, 1989 संशोधित अधिनियम 1996 का उल्लंघन होगा तथा दोषी पाए जाने पर उसके विरूद्ध सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

**चुनाव समाप्ति तक अधिकारी न छोड़ें मुख्यालय**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिला के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को लोकसभा चुनाव के दौरान जिला मुख्यालय नहीं छोड़ें। चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने तक किसी भी समय जिला के अधिकारियों की आवश्यकता पड़ सकती है। ऐसे में सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जरूरी परिस्थितियों में ही केवल पूर्व स्वीकृति लेकर ही जिला मुख्यालय छोड़े।

# नूंह में भाजपा समर्थक कांग्रेस में हुए शामिल

## कांग्रेस विधायक आफताब अहमद स्वागत कर पार्टी का पटका पहनाया



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** लोकसभा चुनाव से पहले नूंह में भाजपा को झटका लगा है। यहां कई परिवार के लोगों ने भाजपा को छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया। गुरुवार को भाजपा नेता जाकिर हुसैन के समर्थकों ने कांग्रेस विधायक आफताब अहमद को अपना समर्थन देते कांग्रेस पार्टी का पटका पहन लिया। सालाहेड़ी गांव के ईसब ठेकेदार, हुसैनदीन ठेकेदार, जुनैद, इमरान, कमरुद्दीन, अशफाक, जैकम, आमीन, शहंशाह सहित अन्य लोगों के परिवार ने कांग्रेस ज्वाइन की। नूंह से कांग्रेस विधायक आफताब अहमद ने पार्टी शामिल होने पर उनका स्वागत किया। विधायक आफताब अहमद ने सभी के गले में पार्टी का पटका पहनाया। वहीं कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए लोगों ने कहा कि अब से पहले भाजपा नेता जाकिर हुसैन के साथ थे, लेकिन उन्हें कुछ सहयोग नहीं मिला। बीते चुनाव में हमारी 450 वोट रही और उनके बूथ पर वोट की गई थी, लेकिन हमें उन्होंने आजतक गिने ही नहीं थे। इसके चलते भाजपा नेता जाकिर हुसैन का साथ छोड़ते हैं। कांग्रेस का दामन थामते हुए विधायक आफताब अहमद को अपना समर्थन दिया है।

वहीं विधायक आफताब अहमद ने कहा भाजपा के राज में सभी वर्ग के लोग परेशान हैं। यहां तक कि इनके नेता तक आमजनों की कोई सुनवाई नहीं करते। इसकी के चलते लोग आज भाजपा को छोड़ कांग्रेस में शामिल हो रहे है। आफताब ने कहा जो लोग भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में शामिल हुए हैं। सभी को पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। सलाहेड़ी गांव से उनका विशेष लगाव है , इन लोगों के सम्मान में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। मेरे घर के दरवाजे 24 घंटे लोगों के लिए खुले हुए हैं। जितना संभव हो सकेगा हर व्यक्ति की इतनी मदद की जाएगी।


# केबल ऑपरेटर व सिनेमाघर संचालक चुनाव प्रचार के विज्ञापन एमसीएमसी कमेटी के प्रमाण-पत्र के साथ ही प्रसारित करें : धीरेंद्र खडग़टा

## मोहर व हस्ताक्षर वाली सीडी को ही विज्ञापन के लिए किया जाए उपयोग

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** लोकसभा आम चुनाव के दौरान केबल ऑपरेटर व सिनेमा हॉल संचालक राजनैतिक व चुनाव प्रचार संबंधी विज्ञापन एमसीएमसी कमेटी के प्रमाण-पत्र के बगैर प्रसारित नहीं कर सकते हैं। बिना प्रमाण पत्र के चुनाव प्रचार-प्रसार से संबंधित विज्ञापन प्रसारित करने पर संबंधित के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की जा सकती है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देश पर जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) का गठन किया जा चुका है। कमेटी द्वारा विज्ञापन के लिए प्राप्त आवेदन व उससे संबंधित कंटेंट को चेक किया जाएगा, जिसके बाद सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा तथा विज्ञापन की सीडी पर भी मोहर व हस्ताक्षर होंगे। केबल ऑपरेटर को विशेष ध्यान रखना है कि केवल मोहर व हस्ताक्षर वाली सीडी को ही विज्ञापन के लिए चलाया जाए। सभी केबल ऑपरेटरों व सिनेमाघर संचालक चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित नियमों की अनुपालना सुनिश्चित करें। उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि विज्ञापन प्रसारण के लिए संबंधित उम्मीदवार को एनैक्सचर-ए में आवेदन करना होगा, जिस पर विचार करके एमसीएमसी कमेटी विज्ञापन प्रसारण के लिए एनैक्सचर-बी फार्म में प्रमाण-पत्र देगी।

विज्ञापन प्रसारण का प्रमाण पत्र लेने के लिए आवेदनकर्ता को प्रसारित किए जाने वाले विज्ञापन की दो प्रतियां सीडी में देनी होंगी। साथ ही सीडी में दी गई प्रचार सामग्री की सक्रिप्ट की दो प्रतियां भी आवेदन के साथ जमा करवानी होंगी। राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर पंजीकृत राजनैतिक पार्टी व उनके उम्मीदवारों को विज्ञापन प्रमाण पत्र के लिए प्रसारण के कम से कम तीन दिन पहले आवेदन करना होगा। विज्ञापन प्रमाण पत्र के लिए प्राप्त आवेदनों पर एमसीएमसी कमेटी तीन दिन के अंदर फैसला लेगी। उपायुक्त ने बताया कि अगर किसी विज्ञापन के प्रसारण पर कमेटी को आपत्ति है तो वह आवेदन को निरस्त कर सकती है या फिर विज्ञापन को दुरूस्त करने के लिए संबंधित उम्मीदवार को लिख सकती है। इसके लिए संबंधित पक्ष को 24 घंटे का समय दिया जाएगा और उसे विज्ञापन को दुरूस्त करके दोबारा आवेदन करना होगा।



# सिविल अस्पताल माण्डीखेड़ा में धूमधाम से मनाया गया वर्ल्ड टीबी दिवस

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** वर्ल्ड टी.बी. दिवस के उपलक्ष्य में आज सिविल अस्पताल मांडीखेड़ा में वर्ल्ड टी.बी. डे मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि उप सिविल सर्जन डॉ. आशीष सिंगला रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप-सिविल सर्जन टी.बी. डॉ प्रवीण राज तवंर ने की। इस मौके पर उप सिविल सर्जन डॉ हेमन्त कुमार, मेडिकल सुपरिटेंडेंट अन्य स्टाफ व नर्सिग कॉलेज के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे। डॉ प्रवीण राज तवंर ने टी.बी. की बीमारी के बारे जानकारी देते हुए कहा कि टी.बी. एक हवा के द्वारा फैलने वाली बीमारी है, जो कि एक टीबी संक्रमित मरीज के खांसने छींकने व थूकने से जो कण निकलते है उससे स्वस्थ व्यक्ति को भी टीबी हो सकती है। टी.बी. को फैलाने वाले बैक्टीरिया का नाम माइक्रो बैक्टकरियम ट्यूबरक्लोसिस होता है। दो सप्ताह से ज्यादा पुरानी खांसी, बुखार, लगाातर वजन कम होना टी. बी. होने के लक्षण हो सकते हैं। टी. बी. दो प्रकार की होती है फेफडो वाली टी.बी. व शरीर के किसी भी अंग में होने वाली टी. बी. जिसे एक्सट्रा पलोमनरी टी.बी. कहा जाता है। सभी प्रकार की टी. बी. की संपूर्ण दवाईयॉ व जाँचे मरीजो को निः शुल्क प्रदान की जाती हैं। उन्होने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 2030 तक दुनिया को टी.बी. मुक्त बनाने के लक्ष्य तय किया है। इसी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग जिला नूँह को टीबी मुक्त बनाने के लिए प्रयासरत है।

# चालू वित्त वर्ष में राजकीय लेनदेन के लिए जिला में 31 मार्च को रात्रि 12 बजे तक खुले रहेंगे बैंक व खजाना कार्यालय

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** जिलाधीश राहुल हुड्डा ने पंजाब वित्त पुस्तिका संख्या-1 भाग-1 के नियम 3.40 में वर्णित प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत चालू वित्त वर्ष की क्लोजिंग के मद्देनजर राजकीय लेन-देन हेतु जिला खजाना कार्यालय रेवाड़ी, सहित उप खजाना बावल व कोसली तथा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया रेवाड़ी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया बावल व सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया कोसली को रविवार 31 मार्च रात्रि 12 बजे तक खुला रखने के आदेश जारी किए है। इस संबंध में जिलाधीश ने पुलिस विभाग, संबंधित एसडीएम व तहसीलदार, उप तहसीलदार तथा जिला अग्रणी बैंक अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। उन्होंने उक्त जिला खजाना व उप खजाना सहित उक्त बैंक प्रबंधकों को भी निर्देश दिए है कि वे अपने-अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को चालू वित्त वर्ष की समाप्ति से पूर्व प्राप्त सभी पेमेंट ऑडर्स को लाभार्थियों के बैंक खातों में अविलंब स्थानांतरित करना सुनिश्चित करें।



समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# लोकसभा आम चुनाव में 100 प्रतिशत मतदान का संकल्प लें मतदाता : जिला निर्वाचन अधिकारी

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे 18वं लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को स्वीप (व्यवर्स्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी) गतिविधियां चलाकर विभिन्न माध्यमों से जागरूक करते हुए उन्हें मतदान केंद्र तक चलकर आने के लिए प्रेरित करें ताकि वे स्वयं अपना वोट डालने के लिए आगे आएं। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पोलिंग स्टेशनों पर सेल्फी पॉइंट तैयार किए जाए। इसके अलावा, युवा मतदाताओं को मतदान करने के लिए अधिक से अधिक प्रेरित किया जाए। इसके साथ ही मतदान करने के बाद क्यूआर कोड को स्कैन करके फोटो अपलोड करने के लिए भी प्रेरित करें। उन्होंने मतदाताओं से आह्वान किया कि वे लोकसभा आम चुनाव में शत प्रतिशत मतदान का संकल्प लें। उन्होंने बताया कि मतदाता ऑनलाइन संकल्प लेकर सर्टिफिकेट भी डाउनलोड कर सकते हैं।




जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव के दौरान जिला में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को अधिक जागरूक करने के लिए ईसीआई और हरियाणा निर्वाचन कार्यालय द्वारा तैयार की गई वीडियो को स्थानीय केबल टीवी नेटवर्क के माध्यम से दिखाया जाए और ऑडियो को एफएम के माध्यम से प्रसारित किया जाए। हरियाणा राज्य परिवहन की बसों पर मतदान जागरूकता व स्वीप से संबंधित प्रचार सामग्री चस्पा की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिला सचिवालय, सरकारी भवनों आदि के पास मतदाता जागरूकता संबंधित बैनर, पोस्टर व स्टीकर लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि जिला में 18-19 वर्ष के युवाओं को वोट बनवाने के लिए जागरूक करें और लोकतंत्र के महापर्व में आहुति डालने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला में स्थित विद्यालयों, महाविद्यालयों व विश्वविद्यालय में ऐसे युवा जिनकी आयु 18 वर्ष या इससे अधिक हो चुकी है और उनकी वोट अभी तक भी नहीं बनी है ऐसे युवाओं को वोट बनवाने व वोट डालने बारे प्रेरित व जागरूक किया जाए। युवाओं को वोट डालने के लिए शपथ दिलाई जाए। इसके अलावा ट्रांसजेंडर को भी मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा के दृष्टिगत हर पोलिंग स्टेशन के बाहर कैमरे लगाने के निर्देश भी दिए ताकि पोलिंग स्टेशनों की निगरानी प्रभावी रूप से की जा सके। उन्होंने कहा कि हर पोलिंग स्टेशन के बाहर टोल फी नम्बर 1950, सीईओ और डीईओ कार्यालयों के टेलीफोन नम्बर लगाएं जाएं ताकि यदि मतदाताओं को किसी प्रकार की समस्या आती है तो वह तुरंत उसकी सूचना जिला प्रशासन को दे सकें।

# हजरस ने किया डीईओ नसीब सिंह का विदाई एवं सम्मान समारोह

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** हरियाणा अनु. जाति राजकीय अध्यापक संघ (हजरस)की ओर से हाल ही में सेवानिवृत होने जा रहे डीईओ नसीब सिंह का विदाई एवं सम्मान समारोह सैंडपाइपर कॉम्प्लेक्स रेवाड़ी में किया गया।समारोह की अध्यक्षता फॉर्मर बीईओ राजकुमार जलवा ने की। मंच संचालन आर.पी.सिंह दहिया ने किया। आए हुए अतिथियों का स्वागत होशियार सिंह अहरोदिया ने किया।समारोह में सभी वक्ताओं ने डीईओ साहब के कार्य,व्यवहार एवं उपलब्धियों की भरपूर प्रशंसा की। वास्तव में इनके कार्यकाल में जिला रेवाड़ी ने काफी बुलंदियों को छुआ। सभी वक्ताओं ने इनके सुखमय जीवन की मंगलकामना की। हजरस की ओर से डीईओ साहब को पगड़ी, शाल,जीवनी एवं मोमेंटो भेंट किया गया। इसी क्रम में सेवा स्तंभ की ओर से भी एक स्मृतिचिन्ह भगतसिंह सांभरिया द्वारा भेंट किया गया।समारोह में डीईओ साहब के अलावा वर्तमान डीपीसी व भावी डीईओ महेंद्र सिंह खनगवाल व फॉर्मर बीईओ राजकुमार जलवा को भी स्मृतिचन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।जिला प्रधान सुमेर सिंह ने सभी अतिथियों का धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया। इस समारोह में इनके अलावा जिला प्रधान सुमेर सिंह, महासचिव दयाराम जटुसाना, पूर्व जिला प्रधान राजपाल दहिया, होशियार सिंह अहरोदिया, रमेश अहरोदिया, बिजेंद्र दुलहेड़ा, सेवा स्तंभ प्रधान भगत सिंह सांभरिया, रमेशचंद्र सिंघल,प्रसिद्ध कवि व साहित्यकार आलोक भंडोरिया, नरेंद्र मेहरा, संजय गोठड़ा, भूप सिंह, विक्रम सिंह, प्रिंसिपल दुर्गादास , धर्मपाल सिंह, तेजपाल रंगा, विजय सिंह, धनपत सिंह फॉर्मर गिरदावर, जितेंद्र मेहरा, किशनलाल, रणबीर, सिकन्दर सिंह, सुरेंद्र रंगा, दयानंद, बंशीलाल, राज सिंह, सुनील कुमार, मुकेश दहिया, बाबूलाल, सुरेश नाहरवाल, लक्ष्मण बलवारिया मनोज बुलान, उदय सिंह, विक्रम, अनूप मेहरा सहित सैकड़ों साथी उपर्स्थित रहे।




# पेट्रोलियम पाईप लाईन को क्षति पहुंचा कर तेल चोरी करने के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के दिशा निर्देश में कार्य करते हुए अपराध शाखा-1 रेवाड़ी इंचार्ज निरीक्षक सुमेर सिंह की टीम ने इंडियन आँयल कॉंपरेशन की मुद्रा-पानीपत पाईप लाईन के रेवाडी-पानीपत सेक्शन से तेल चोरी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है।



जांचकर्ता ने बताया कि इंडियन आँयल कॉंपरेशन रेवाडी के सहायक प्रबंधक सचेत यादव ने अपनी शिकायत में बताया की वह इंडियन आँयल कॉंपरेशन रेवाडी के उतरी क्षेत्र पाईप लाईन के सहायक प्रबंधक पद पर कार्यरत है।

दिनांक 28 फरवरी 2024 को उनकी मुद्रा-पानीपत पाईप लाईन के रेवाडी-पानीपत सेक्शन पर गस्त करते समय, गार्ड राधेश्याम को गांव भाड़ावास की सीमा मे कच्चा तेल बिखरा हुआ मिला। जिस सुचना पर उसने मौके पर जाकर देखा तो गांव भाड़ावास की सीमा में किसी नाम पता नामालुम व्यक्तियों द्वारा इंडियन आँयल कॉंपरेशन की रेवाडी-पानीपत सेक्शन पाईप लाईन को क्षति पहुंचा कर तेल चोरी किया गया है।

जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना रामपुरा में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके मामले में एक आरोपी अवधेश उर्फ दीपू को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। जो इस मामले अपराध शाखा-ढ्ढ रेवाड़ी पुलिस ने बुधवार को मामले एक और आरोपी यूपी के जिला इटावा के गांव राजपुर निवासी भारत को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# जिला एवं सत्र न्यायाधीश का बावल बार ने किया स्वागत



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** जिले के नवनियुक्त ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश माननीय श्री गुरविंदर सिंह वाधवा का उप मंडलीय न्यायिक परिसर बावल में बार एसोसिएशन बावल द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान उप मंडलीय न्यायिक दण्डाधिकारी सुधीर कुमार एवं न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी श्रीमती सुषमा भी उनके साथ मौजूद रहे। बार एसोसिएशन बावल के प्रधान प्रवीन नैहचाना ने ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश के समक्ष जल्द से जल्द बावल में नये न्यायिक परिसर का निर्माण कार्य के साथ साथ वकीलों के लिये नये चैम्बर के निर्माण कार्य शुरू करवाने के लिये गुजारिश की। उन्होंने कहा कि मौजूदा न्यायिक परिसर बाजार में होने की वजह से पार्किंग एवं ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रहती है तथा पुराने न्यायिक परिसर में अब जगह की कमी की वजह से वकीलों को भी दिन ब दिन बैठने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही प्रधान प्रवीन नैहचाना ने कहा कि हरियाणा सरकार ने लेबर ट्रिब्युनल के लिए बावल में मंजूरी दे रखी है इसलिये जल्द से जल्द नये सचिवालय में इसकी शुरुआत करवाई जावे। माननीय ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश गुरविंदर सिंह वाधवा स्वागत के लिए बार का धन्यवाद किया और आश्वासन दिया कि बार की सभी माँगो को जल्द से जल्द पूरा करवाया जायेगा। इस दौरान बार एसोसिएशन के प्रधान प्रवीन नैहचना, सह सचिव शुभम बागोरिया, कोषाध्यक्ष जयपाल चौहान एवं अधिवक्तागण मौजूद थे।

# टोल टैक्स की आड़ में जजिया कर की वसूली बंद करे भाजपा सरकार : रणदीप सुरजेवाला

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़, 28 मार्च।** कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा है कि बढ़ती महंगाई व हर रोज हो रही पेट्रोल-डीजल पर टैक्स की लूट के बीच जनता के ऊपर हरियाणा में सभी टोल रोड पर टोल टैक्स वृद्धि के रूप में एक और मार पड़ने जा रही है। इसके कारण हरियाणा में एक अप्रैल से सफर करना और भी महंगा हो जाएगा।

एक अप्रैल से देश व प्रदेश में होने जा रही टोल दरों की वृद्धि को सरकारी लूट और जनता से विश्वासघात बताते हुए राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला ने भाजपा सरकार पर जोरदार हमला बोला और सरकार से इस टोल वृद्धि को वापिस लेकर जनता को तत्काल राहत देने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की शोषक मोदी सरकार ने हरियाणा में विभिन्न हाईवे, एक्सप्रेस-वे, केएमपी, नारनौल-चंडीगढ़ एक्सप्रेस-वे, खेड़की दौला टोल प्लाजा, दिल्ली-पटियाला राजमार्ग पर खटकड़ टोल प्लाजा, जींद-गोहाना-सोनीपत राजमार्ग पर लूदाना टोल प्लाजा, गुड़गांव-सोहना राजमार्ग पर घामड़ोज़ टोल प्लाजा, दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे पर हिलालपुर टोल प्लाजा, हिसार-चंडीगढ़ राजमार्ग संख्या 152 सहित सभी हाईवे पर एक अप्रैल 2024 से टोल दरों में 5 से 25 रुपये तक की बढ़ोतरी का फैसला किया है।

उन्होंने कहा कि सैनीमाजरा टोल प्लाजा, घरौंडा टोल प्लाजा, घग्गर टोल प्लाजा, मकड़ौली टोल प्लाजा, डीघल टोल प्लाजा, सोनीपत में झरोठी टोल प्लाजा, नारनौल में सिरोही टोल प्लाजा पर व्यक्तिगत वाहनों के लिए 5-10 की वृद्धि किया जाना आम जनता पर अत्याचार है।

रणदीप ने याद दिलाया कि पहले 5-7 साल में एक बार टोल दरें बढ़ा करती थीं, लेकिन मोदी की लुटेरी व हरियाणा की जनविरोधी भाजपा सरकार तो हर साल एक्सप्रेस-वे, स्टेट हाईवे की टोल दरें बढ़ाकर आमजनों को लूटने में लगी है। एक अप्रैल से टोल दरों के नाम पर हर वाहन को 5 से 25 रूपये प्रति वाहन एक फेरे में ज्यादा टोल देना होगा। वहीं टोल दरें बढने से बसों का किराया भी 5 से 10% बढ जायेगा जो पहले से ही महंगाई से जूझ रही आम जनता पर बडा बोझ होगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा टोल दरों में की गई इस बढ़ोतरी के कारण कार-जीप के साथ-साथ बस, ट्रक-कैंटर का भाड़ा भी बढ़ जाएगा।

**बोले, हाइवेज के निर्माण के बहाने मोदी सरकार अपने करीबी पूंजीपतियों के टोल की लूट के अड्डे स्थापित कर रही है**

**महंगाई की मार झेल रही जनता पर आए दिन नए टैक्स थोपने को भाजपा सरकार की जन विरोधी सोच बताया**

**बोले, टोल दरें बढ़ाकर सरकार ने जनता से किया विश्वासघात**

सुरजेवाला ने कहा कि हरियाणा का हर हिस्सा व हर जिला किसी न किसी राष्ट्रीय व राज्य राजमार्ग से जुड़ा है। प्रदेश में एक शहर से दूसरे शहर तक जाने के लिए हर वाहन को किसी ना किसी टोल प्लाजा को पार करना ही पड़ता है। ऊपर से हरियाणा के सभी टोल की दरें पहले ही बहुत ऊँची हैं। ऐसे में राष्ट्रीय-राज्य राजमार्गों पर दिए जाने वाले टोल रेट सीधे-सीधे निजी वाहनों के खर्चे, बस यात्रा व आम जरूरत की वस्तुओं की कीमत पर सीधा प्रभाव डालते हैं, इसके अलावा माल-ढुलाई के सभी वाहन भी राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरते हैं।

रणदीप ने आरोप लगाया कि पेट्रोल-डीजल के नाम पर मोदी की भाजपा सरकार पौने दस साल से आमजनों को लूट रही है। विश्व बाजार में कच्चे तेल के दाम 36% घटने पर भी पेट्रोल-डीजल भाव कम नहीं कर रही है। ऊपर से पेट्रोल-डीजल पर भारी टैक्स वसूलकर नरेंद्र मोदी के शौक पूरे करने के लिए जनता को लूटा जा रहा है। भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार मिलकर 1 लीटर पेट्रोल पर लगभग 33 रुपये और डीजल पर लगभ 27 रुपये टैक्स के रूप में वसूलती हैं। वाहनों के रजिस्ट्रेशन के समय भारी रोड टैक्स अलग से लिया जाता है। इसके बावजूद हरियाणा में एक-एक करके सभी सरकारी सड़कों को टोल कम्पनियों के लूट के अड्डों में बदला जा रहा है। हरियाणा में हर राष्ट्रीय राजमार्ग पर औसतन 3.50 से 4.00 प्रति किलोमीटर की दर से टोल वसूला जाता है जो वाहन की ईंधन की खपत से भी महंगा पड़ता है लेकिन, भाजपा सरकार इस लूट से भी संतुष्ट नही है, जो निरन्तर टोल दरों में वृद्धि करती जा रही है।



सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा सरकार की ऐसी ही गलत नीतियों के कारण महंगाई दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अच्छे दिन का नारा देकर आई सरकार में महंगे दिन आ गए हैं और हर चीज महंगी हो रही है। आज आम जनता की रोजमर्रा की वस्तुएं, पेट्रोल, डीजल रसोई गैस, खाद्य पदार्थ, फलों और सबजियों के दामों में बेतहाशा वृद्धि करके सरकार ने जनता की आजीविका पर कड़ा प्रहार कर रखा है। पिछले 3 सालों में ही घरेलू सिलेंडर के दामों में 89.7 फीसदी की वृद्धि हुई है। कांग्रेस शासन काल के समय गैस सिलेंडर की कीमत 400 के आसपास थी जबकि मोदी सरकार गैस सिलेंडर 1100 से भी महंगा बेचने के बाद अब चुनावों में एक बार फिर से जनता को ठगने के उद्देश्य से गैस के दाम कम करने का नाटक कर रही है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार को जनता की पीड़ा बिल्कुल भी नजर नहीं आ रही है, लगता है कि सरकार केवल लूट की नीति पर उतारू है। इस सबके बावजूद महंगाई से त्रस्त जनता को रियायत देने की बजाय टोल दरों में बार-बार की जा रही वृद्धि असहनीय और घोर आपत्तिजनक है। टोल दरें बढ़ने से माल भाड़ा महंगा हो जाने के कारण व्यापारी वर्ग को भी खासा नुकसान झेलना पड़ेगा, जो पहले ही आर्थिक मंदी का सामना कर रहे हैं। ऐसे में सरकार को गरीब और मध्यम वर्ग के बारे में भी सोचना चाहिए।

उन्होंने पूछा कि टोल प्लाजाओं पर वाहनों से वसूला जा रहा टोल आखिर जा कहाँ रहा है? प्रदेश के हाईवे पर होने वाले हादसों से बचाने वाला कोई नहीं है। शहरों से दूर होने के बावजूद इन हाईवे पर ना एंबुलेंस है, ना मेडिकल की सुविधा है। इलाज के अभाव में दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति दम तोड़ रहे हैं। 152ष्ठ हाईवे पर तो प्रस्तावित 6 ट्रॉमा सेंटर में से अभी तक एक भी चालू नहीं किया गया है। प्रदेश के हाईवे, एक्सप्रेस-वे की हालत जर्जर है, सड़कें जगह-जगह टूटी पड़ी हैं, उनकी मरम्मत तक नहीं होती है। जगह-जगह गड्ढे पड़े हुए हैं। हाईवे, एक्सप्रेस-वे और जिन नागरिक सुविधाओं के नाम पर लोगों से भारी-भरकम टोल हड़पा जाता है, वहाँ कथित नागरिक सुविधाएं नदारद हैं। रात के समय केएमपी जैसे एक्सप्रेस-वे पर कोई पुख्ता सुरक्षा प्रबंध नहीं हैं। इस मार्ग पर लोग अपनी जान जोखिम में डालकर यात्रा करते हैं। यही हालत अन्य हाईवे की है। रात के समय नागरिक भगवान भरोसे हैं। सर्दियों के दिनों में तो धुंध की वजह से वाहनों का चलना भी मुश्किल हो जाता है और हर साल सैंकड़ों दुर्घटनाएं होने के समाचार मिलते हैं। यहाँ तक कि शौचालयों की उचित व्यवस्था और सुरक्षा के भी कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं, फिर भी टोल दरें बार-बार बढ़ाना जनता की समझ से परे है।

प्रदेश में मुख्यमंत्री के पद से खट्टर साहब की विदाई से प्रदेश की जनता को राहत की कुछ उम्मीद बंधी थी लेकिन, नए वाले मुख्यमंत्री तो पहले वाले के भी उस्ताद निकले। इस भारी टोल वृद्धि पर जनता की आवाज़ उठाने के बजाय मुख्यमंत्री नायब सिंह सत्तासुख में डूबे पड़े हैं।

सुरजेवाला ने कहा कि प्रदेश की जनता के साथ भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे अन्याय को कांग्रेस कतई सहन नहीं करेगी। भाजपा सरकार को टोल दरों में वृद्धि का निर्णय तुरंत वापस लेना चाहिए, अन्यथा प्रदेश की जनता उन्हें सबक सिखाकर रहेगी।

# कमलेश भारतीय के कथा संग्रह का विमोचन

**समाचार गेट ब्यूरो**

**हिसार।** प्रसिद्ध कथाकार व हरियाणा ग्रंथ अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष कमलेश भारतीय के नये कथा संग्रह 'सूनी मांग का गीत' का विमोचन मोक्षाश्रम की संचालिका व प्रसिद्ध समाजसेवी श्रीमती पंकज संधीर व उनके पति प्रसिद्ध अधिवक्ता व सर्वोदय भवन के संरक्षक पी के संधीर ने अपने निवास पर किया। श्रीमती संधीर ने कहा कि मैं श्री भारतीय की कहानियां पढ़ती हूँ और इन कहानियों की रवानगी और विषय सामाजिक होते हैं। इसी प्रकार श्री संधीर ने कहा कि वे भी भारतीय के हर संग्रह को पढ़ते हैं और इनकी कहानियाँ हमें झकझोर कर रख देती हैं। यह श्री भारतीय की सत्रहवीं कृति है और इनका यह आठवां कथा संग्रह है जबकि पांच लघुकथा संग्रह हैं और इंटरव्यूज पर आधारित पुस्तक 'यादों की धरोहर' के तीन संस्करण प्रकाशित हो चुके हैं। श्री भारतीय के कथा संग्रह 'एक संवाददाता की डायरी' को तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने आवास पर आयोजित सम्मान समारोह में पचास हज़ार रुपये का पुरस्कार दिया था। इनका एक कथा संग्रह नेपाली में तो एक लघुकथा संग्रह पंजाबी में अनुवादित हो चुका है। इसी तरह अनेक पुरस्कार भी मिले हैं।



# लोकतंत्र के पर्व में हर मतदाता अपने मताधिकार का अवश्य करे प्रयोग : जिला निर्वाचन अधिकारी

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने कहा कि लोकतंत्र के पर्व में हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सहभागिता करें। इसके लिए प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित कर लें कि उनका नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज हो। जिस मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, केवल वही मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र (एपिक) नहीं है तो वह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर अपना वोट डाल सकता है। प्रत्येक वोटर को मतदान केंद्र में अपने मत की गोपनीयता बनाए रखना अनिवार्य है और ये उसकी नैतिक जिम्मेवारी भी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि मतदाता के पास पुराना एपिक कार्ड है तो भी वह वोट डाल सकता है, बशर्ते कि उसका नाम उस क्षेत्र की मतदाता सूची में होना चाहिए। यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में नहीं है तथा वह वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पर अपना आधार कार्ड या वोटर कार्ड या अन्य कोई पहचान पत्र दिखाता है तो उसे वोट डालने नहीं दिया जाएगा। कोई भी मतदाता केवल तभी वोट डाल सकता है जब उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एपिक के अलावा मतदाता आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों का उपयोग करके भी वोट डाल सकते हैं। इन दस्तावेजों में पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्रीय, राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों या सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, सांसदों, विधायकों/एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और आधार कार्ड शामिल हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा के मतदाता सीईओ हरियाणा की वैबसाइट ceoharyana.gov.in/ पर अपने वोट की जानकारी त्वरित गति व आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। इसकी सहायता से वोटर अपना एपिक नंबर डाल कर बड़ी आसानी से अपना वोट चैक कर सकते हैं। यदि कोई अपना एपिक नंबर भूल गया है तो भी वह अपना नाम व पिता-पति आदि का नाम भरकर अपना वोट चैक कर सकता है। उन्होंने बताया कि वेबसाइट पर विधानसभा अनुसार भी मतदाता सूचियां अपलोड है, उसे डाउनलोड करके भी कोई व्यक्ति अपना नाम मतदाता सूची में चैक कर सकता है। इसके अलावा, वोटर हेल्पलाइन नंबर-1950 पर कॉल करके भी अपनी वोट चैक कर सकते हैं।